● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 160, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 20 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भजनलाल सरकार ने खारिज की भील प्रदेश की मांग 5

हर्षित राणा की टीम इंडिया में एंट्री 6

## ओरछा में भगवान श्रीराम के प्रसंगों को दर्शाया जाए : डॉ. यादव

### वर्तमान मध्यप्रदेश के भू-भाग में श्रीराम की वनवास अवधि का प्रमुखता से हो प्रदर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में विकसित हो रहे श्री रामराजा लोक में भगवान श्रीराम के वनवास अवधि में वर्तमान मध्यप्रदेश के भू-भाग में बिताई गई समयावधि में हुए प्रमुख प्रसंगों को दर्शाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक लोकों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन स्थानों पर लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति की व्यवस्था भी हो। प्रदेश में विकसित हो रहे विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक लोक के आय के साधन सुनिश्चित करते हुए उनके निर्माण और प्रबंधन प्रक्रिया तय की जाए, ताकि सभी लोकों का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। लोकों का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों जैसे



संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की स्थानीय स्तर पर संचालन समिति बनाई जाए। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति तथा पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुनिश्चित करने को कहा कि विकसित हो रहे सभी धार्मिक और सांस्कृतिक लोकों के निर्माण कार्य में आकल्पन इस प्रकार से हो कि सौंदर्यीकरण और आकर्षण दीर्घकालीन बना रहे। उन्होंने संत रविदास लोक, सागर में शोधपीठ और शैक्षणिक संस्था विकसित करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि भादवा माता लोक नीमच में श्रद्धालु दर्शन के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से भी आते हैं। भादवा माता लोक से आयुर्वेदिक अस्पताल और फिजियोथेरेपी सेंटर को भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर जिस स्थापत्य शैली में बने हैं, उनकी विशेषताओं का संरचनाओं के निर्माण में अनुसरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश की कला-संस्कृति-स्थापत्य और प्रमुख व्यंजनों पर केंद्रित मेले देश के अन्य राज्यों में आयोजित किए जाएं, इससे प्रदेश के पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में सांस्कृतिक, धार्मिक पुनर्जागरण और पर्यटन के विकास के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा 18 लोकों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। इनमें 14 लोक धार्मिक और 4 सांस्कृतिक आधार के हैं, 10 धार्मिक और 4 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण कार्य जारी है। लोकों से विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण, आस-पास की अधोसंरचना के विकास और श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए आवश्यक उच्च स्तरीय सुविधाओं के विकास का कार्य किया जाएगा।

युवाओं में धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लाइट एंड साउंड शो, प्रदर्श वीथिकाओं व प्रोजेक्शन, मेपिंग इत्यादि आधुनिक तकनीक द्वारा धार्मिक गाथाओं, लोक कलाओं आदि का प्रदर्शन भी होगा।

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस ठप, दुनियाभर में 1400 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** अमेरिकी एंटी-वायरस कंपनी के एक अपडेट का असर माइक्रोसॉफ्ट पर पड़ा। इससे शुक्रवार (19 जुलाई) को दुनियाभर की एयरलाइंस, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों का कामकाज प्रभावित हुआ। करीब 1400 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। ऑनलाइन सर्विसेज ठप होने से कई एयरपोर्ट पर फ्लाइट बोर्डिंग पास हाथ से लिखकर दिए गए।

आपने पहले कभी एंटी-वायरस फर्म क्राउडस्ट्राइक के बारे में नहीं सुना होगा, लेकिन कंपनी ने अपने वायरस स्कैनर फाल्कन के साथ जो कुछ किया, उसका माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम चलाने वाले लाखों कंप्यूटरों पर पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट ने सुबह करीब 5 बजे इसकी जानकारी दी। हालांकि, एपल और



लाइनक्स के यूजर्स प्रभावित नहीं हुए। भारत में भी इसका सबसे ज्यादा असर एयरपोर्ट पर देखा गया। एयरलाइन्स की चेकइन जैसी ऑनलाइन सर्विसेज इससे प्रभावित हुई। मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु समेत पूरे देश के एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई। जानकारी न मिलने से लोगों ने एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार किया। देश में इस आउटेज का किसी और सर्विस पर ज्यादा असर नहीं रहा। ब्लू स्क्रीन ऑफ़ डेथ की रिपोर्ट दुनिया भर में की गई। ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एक क्रिटिकल एरर स्क्रीन है जो विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम पर दिखाई देती है। जब यह एरर आता है, तो कंप्यूटर ऑटोमेटिकली रिस्टार्ट हो जाता है। डेटा खोने की भी संभावना रहती है।

इस आउटेज के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने तुरंत कहा कि यह एक थर्ड पार्टी इश्यू है। दूसरे शब्दों में- ये उसकी गलती नहीं थी।

## इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में 22 जुलाई को सुनवाई

### याचिकाकर्ता की मांग- कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच हो

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने बॉन्ड के लेनदेन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। इस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी।

सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच करेगी। दोनों एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने यह याचिका लगाई है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि इससे जुड़ी बाकी याचिकाओं को भी एकसाथ सुना जाएगा।

मार्च 2024 में इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा सामने आने के बाद यह याचिका लगाई गई। इसमें दो मांगें रखी गई हैं। पहला- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच लेन-देन की जांच एसआईटी से कराई जाए। एसआईटी की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज करें।

दूसरी मांग है कि आखिर घाटे में चल रहीं कंपनियों (शैल कंपनियां भी शामिल) ने पॉलिटिकल पार्टीज को कैसे फंडिंग की। अधिकारियों को निर्देश दिया जाए की पॉलिटिकल पार्टियों से इलेक्टोरल बॉन्ड में मिली राशि वसूल करें। क्योंकि यह अपराध से जरिए कमाई गई राशि है।

याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कंपनियों ने फायदे के लिए पॉलिटिकल पार्टियों को बॉन्ड के जरिए फंडिंग की।

## बिलकिस बानो केस में दोषियों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (19 जुलाई) को बिलकिस बानो रेप केस में दो दोषियों की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि, 'ये कैसी याचिका है, इस पर सुनवाई नहीं हो सकती है। दोषियों को समय से पहले रिहा करने जैसा कोई लाभ नहीं दिया जाएगा।' दरअसल, 8 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था।

## कावड़ रूट में दुकान पर मालिकों के नाम के आदेश पर भड़के चिराग पासवान, कहा-धर्म के नाम पर न हो विभाजन

**पटना।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने कावड़ यात्रा के रूप में पड़ने वाली दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का आदेश दिया है। इसके बाद से ही विपक्षी दल इस आदेश का विरोध कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने इसको लोकतंत्र के खिलाफ बताया है।

अब एनडीए के मजबूत साथी केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जाति व धर्म के नाम पर विभाजन का



समर्थन नहीं कर सकते हैं। चिराग पासवान ने कहा कि मुजफ्फरगनर पुलिस की गाइडलाइंस का समर्थन नहीं कर सकता हूं। यह आदेश जाति व धर्म के नाम पर विभाजन पैदा करने वाले हैं। समाज में अमीर और गरीब दो ही वर्ग हैं, जिनके बीच में पैदा हुई इस खाई को खत्म है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह दायित्व है कि वह गरीबों के लिए काम करे। उनकी जरूरतों को पूरा करे। देश में यह कोशिश होती है कि लोगों को जाति व धर्म के नाम पर बांटा जाए, तो मैं इसका समर्थन नहीं कर सकता हूं।

चिराग पासवान ने शुक्रवार को दिवंगत पिता रामविलास पासवान के कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा के साथ जाने के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले पापा ने काफी कोशिश की थी राहुल गांधी से मिलने की, लेकिन उन्होंने समय नहीं दिया।

## हमले के 5 दिन बाद ट्रम्प बोले-मुझे भगवान ने बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 13 जुलाई को हुए जानलेवा हमले के बाद आज यानी शुक्रवार को पहली बार भाषण दिया। ट्रम्प ने विस्कॉन्सिन राज्य में हो रहे पार्टी कन्वेंशन में अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए नॉमिनेशन स्वीकार कर लिया। ट्रम्प के भाषण के दौरान उनकी पत्नी मेलेनिया समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। पूर्व राष्ट्रपति का पार्टी कन्वेंशन में यह सबसे बड़ा भाषण था। ट्रम्प ने 92 मिनट तक स्पीच दी। इस दौरान वे अवैध प्रवासियों पर हमलावर रहे।

## पूजा के खिलाफ यूपीएससी ने एफआईआर दर्ज कराई

**पुणे।** 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर के खिलाफ यूपीएससी ने एफआईआर दर्ज कराई है। यूपीएससी ने आरोप लगाया है कि पूजा ने अपनी पहचान बदल-बदलकर यूपीएससी की तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम दिया। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूजा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और डिसेबिलिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इसके अलावा यूपीएससी ने पूजा को नोटिस जारी कर सिलेक्शन कैंसिल करने को लेकर भी जवाब मांगा है। यूपीएससी ने कहा कि पूजा के खिलाफ गहन जांच की गई। इसमें पाया गया कि उन्होंने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, फोटो, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और एड्रेस बदलकर यूपीएससी का एग्जाम दिया।

दरअसल, पूजा पर ट्रेनिंग के दौरान पद का गलत इस्तेमाल करने और खराब आचरण करने का आरोप लगा था। सबसे पहले पुणे के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुहास दिवासे ने पूजा के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उनका ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया था।

## मुख्यमंत्री संस्कारधानी जबलपुर में करेंगे आरआईसी का शुभारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में संतुलित और समतापूर्ण विकास की यात्रा आगे बढ़ाते हुए, राज्य सरकार शनिवार 20 जुलाई को सुबह 9 बजे से संस्कारधानी-जबलपुर में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 80 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का उद्घाटन कर यहाँ होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ भी करेंगे। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियाँ शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 60 से अधिक इकाईयों का वर्चुअली उद्घाटन कर उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने वाली हस्तियों में बैद्यनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ एवं दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे। आरआईसी में ताईवान, मलेशिया, ब्रिटेन, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप और पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री राकेश सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जबलपुर में हो रही आरआईसी के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा और जबलपुर सहित अन्य क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ बैठक कर औद्योगिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। इस इनोवेटिव कान्क्लेव का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक मंच पर लाकर, सार्थक चर्चा कर सहयोग को बढ़ावा दिया जाना है। जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल है। साथ ही उद्योग संघों, स्टार्ट-अप्स एवं रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ राउण्ड-टेबल चर्चा भी होगी।

## चिनाब ब्रिज पर 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में बने दुनिया के सबसे ऊंचे स्टील आर्च ब्रिज पर स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी। संगलदान से रियासी के बीच चलने वाली यह ट्रेन सर्विस उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

इस ब्रिज पर 20 जून को ट्रेन का ट्रायल रन हुआ था। इससे पहले 16 जून को ब्रिज पर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ था। यह ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से 29 मीटर ऊंचा है। एफिल टॉवर की ऊंचाई



330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। यह ब्रिज 40 किलो तक विस्फोटक और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता तक के भूकंप को झेल सकता है। पाकिस्तानी सीमा से इसका एरियल डिस्टेंस महज 65 किमी है। इस ब्रिज के शुरू होने से कश्मीर घाटी हर मौसम में ट्रेन के जरिए भारत के दूसरे हिस्सों से जुड़ जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट राज्यपालों को आपराधिक मुकदमे से मिली छूट की जांच को तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 361 की रूपरेखा की जांच करने के लिए तैयार हो गया है। संविधान का यह प्रावधान राज्यों के राज्यपालों और राष्ट्रपति को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूरी तरह की छूट देता है। यह मामला बंगाल गवर्नर सीवी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप से जुड़ा है। गवर्नर पर राजभवन की महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। लेकिन संवैधानिक प्रावधान के चलते उन पर कोई केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद महिला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, जिसमें राज्यपाल को छूट देने वाले संविधान के अनुच्छेद 361 की न्यायिक जांच की मांग की है और विशेष दिशा-निर्देश देने की मांग की है।

## चार धाम के नाम पर दूसरे मंदिर-ट्रस्ट नहीं बनेंगे

**देहरादून।** देश में चार धाम-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नाम से दूसरा मंदिर या ट्रस्ट नहीं बनेगा। मंदिरों से मिलता-जुलता नाम रखने पर भी सख्त एक्शन लिया जाएगा। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में 18 जुलाई को हुई कैबिनेट मीटिंग में इस पर कानून बनाने का फैसला किया गया है।

दरअसल, 10 जुलाई को दिल्ली के बुराड़ी में 'श्री केदारनाथ धाम' नाम से मंदिर का शिलान्यास हुआ था। इसमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए थे। 15 जुलाई को मुंबई में गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रमुख संतों ने इसका विरोध किया था। कैबिनेट मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगौली ने कहा- हमारी जानकारी में आया है कि उत्तराखंड के चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम का इस्तेमाल करके दूसरे मंदिर और ट्रस्ट बनाए जा रहे हैं।

इससे लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बन रही है। साथ ही स्थानीय परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं को ठेस पहुंच रही है। स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश का माहौल बन रहा है। ऐसे में सरकार ने इसको लेकर कड़े प्रावधान लाने का प्रस्ताव पास किया है। जल्द ही इसको लेकर कानून लागू किया जाएगा। दिल्ली के बुराड़ी स्थित हिरनकी में 10 जुलाई को 'श्री केदारनाथ धाम' नाम से मंदिर का शिलान्यास हुआ।

## गुरु पूर्णिमा पर 302 वर्षों से चल रही गुरु गादी परंपरा का निर्वहन करेंगे

**इंदौर।** पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई, रविवार को मनाया जाएगा। 302 वर्षों की प्राचीन गुरु गादी परंपरा का निर्वहन होगा। गुरु पूर्णिमा पर सबसे पहले साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री लक्ष्मणदास महाराज सहित चार पूर्व श्रीमहंतो का पाद पूजन होगा, उसके बाद वर्तमान पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज का गुरु पाद पूजन शिष्य करेंगे।

रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर सुबह 08 बजे गुरु गादी परंपरा के अनुसार इस मंदिर के प्रथम श्रीमहंत प्रहलादास महाराज, द्वितीय श्रीमहंत ठाकुरदास महाराज, तृतीय श्रीमहंत मोहनदास महाराज, चतुर्थ श्रीमहंत बालमुकन्ददास महाराज और पांचवें श्रीमहंत श्री श्री 1008



महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज की चरण पादुका का पूजन वेद मंत्रों के बीच किया जाएगा। उसके पश्चात मंदिर के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर रामगोपालदास महाराज का साधु संतो के सानिध्य में आचार्य व पंडितों के वैदिक मन्त्रोच्चार से भक्तों द्वारा गुरु पाद पूजन विधि विधान से किया जाएगा व महाराज का तिलक लगाकर भक्त आरती उतारेंगे व भक्तों को गुरु दीक्षा का मंत्र भी दिया जाएगा। भगवान टीकमजी महाराज का दरबार भी मोगरे के फूलों से सजेगा। गुरु पाद पूजन का सिलसिला सुबह 9 बजे से देर शाम लगातर चलेगा। श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम में गुरू गादी परंपरा का लगातर निर्वाह हो रहा है और निरंतर यह परंपरा का निर्वाह होता रहेगा। साकेतवासी महामण्डलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज पांचवें श्रीमहंत के रूप में कई सदी से चली आ रही गुरु गादी परपंरा का निर्वाह कर रहे थे। वह राम नाम की गुरु दक्षिणा देकर शिष्यों को गुरु की महिमा के पदचिन्हों पर चलने की शिक्षा दे रहे थे। दिसंबर 2022 में उनका साकेतवास हो गया। गुरु लक्ष्मणदास के शरीर छोड़ने के बाद मंदिर की गुरु गादी की चादर श्रीमहंत रामगोपालदास महाराज को ओढ़ाई, रामगोपाल दास महाराज छटवे श्रीमहंत के रूप में 302 वर्षों से चली आ रही गुरु गादी परंपरा का लगातार निर्वाह कर रहे हैं। गुरु गादी का पूजन करने के लिए इंदौर सहित पूरे प्रदेश भर के भक्तों का जमावड़ा लगेगा। रघुनाथपुरम स्थित राम मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई, रविवार को आयोजित होगा। जिसमें श्रीमद जगद्गुरु द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज की चरण पादुका का पूजन साधु संतों सहित भक्त करेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकीवल्लभ दास महाराज व महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज ने बताया कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर सुबह 8 बजे भगवान सीता सर्वेश्वर श्री राम दरबार का वेद मंत्रों के बीच अभिषेक पूजन होगा। उसके बाद विशेष श्रृंगार होगा। सुबह 10 बजे श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का साधु संतो द्वारा वेद मंत्रों के बीच गुरु पाद चरण पादुका पूजन किया जाएगा उसके बाद भक्त महाराजश्री की चरण पादुका का पूजन करेंगे। 300 वर्ष पुराने श्री राम मंदिर की गुरु गादी पर श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज विराजमान हैं।

# दिव्यांग जनों की सेवा ही सच्ची जनसेवा : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** दिव्यांगजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग है हम सभी दिव्यांग जनों के विकलांगता के प्रभाव को उनके शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक मदद करके उन्हें स्वावलंबी बनाते हुए उनके पुनर्वास में मदद कर सकते हैं । दिव्यांग जनों की मदद ही सच्ची जनसेवा है । उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने मंगल भवन देवसर में आयोजित दिव्यांगजन के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किये। जनपद पंचायत देवसर प्रांगण में राम मंगल शाला में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिविर की शुरुआत की गई। संजीव तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवसर ने शिविर के आयोजन के संबंध



में एवं दिव्यांग जनों को वितरित किए जा रहे कृत्रिम उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। प्रणव पाठक जनपद अध्यक्ष देवसर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के विकास में दिव्यांग जनों की बड़ी भूमिका है सिर्फ हाथ पैर वालों का ही समाज के विकास में योगदान नहीं है बल्कि दिव्यांग जनों का भी विकास में योगदान अहम है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण दिए जा रहे हैं निश्चित ही दिव्यांगजन उपकरणों का उपयोग कर सरलता से अपने दैनिक जीवन के कार्य कर सकेंगे इन उपकरणों से उन्हें स्वावलंबी बनने में मदद मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक ने शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं कलस्टर स्तर पर आयोजित करने की सलाह दी। दिव्यांग जनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सरकार की एडिप योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि कोई भी दिव्यांगजन अपने को असहाय महसूस न करे इसलिए आप सभी सरकार की योजना की जानकारी प्राप्त कर पात्रता अनुसार लाभ लें। शिविर में सैकड़ों दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण प्रदान किए गए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशव सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत देवसर मालिक राम पनिका जनपद सदस्य, जग्य नारायन जनपद सदस्य,वरुण द्विवेदी सरपंच सहुआर, बबुआ राम यादव, गोमती प्रसाद पाठक, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी पंचायत निरीक्षक, धीरज द्विवेदी, जनपद सदस्य गण, सरपंचगण, दिव्यांग बंधु एवं बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान मार्ग से हैवी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**सिंगरौली।** नवभारत न्यूज। ननि के वार्ड क्रमांक 39 राजीव वार्ड के पार्षद अनुष्का अमित यादव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कब्रिस्तान रोड जिलानी मोहल्ला में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए जाने पत्र देकर आग्रह किया है। पार्षद ने एसपी को पत्र लिखते हुये अवगत कराया है कि वार्ड क्रमांक 39 में भारी वाहनों का आवागमन कब्रिस्तान रोड से जिलानी मोहल्ला होते हुए बाजार इण्डिया मॉल के पास मुख्य सड़क विंध्यनगर रोड में मिलते हैं। जिससे स्कूल बच्चों के आवागमन एवं नगरवासियों के आवागमन में अवरूद्ध उत्पन्न होता है। उस रोड में दो स्कूलें हैं। रविन्द्र हाई स्कूल बैढ़न और शासकीय प्राथमिक कन्या पाठशाला बैढ़न है। भारी वाहन नो-इन्ट्री के समय गनियारी कचरा प्लाण्ट से दाईं ओर गैस फैक्ट्री रोड होते हुए कब्रिस्तान रोड से प्रवेश करते हैं और बाजार इण्डिया मॉल के पास निकलते हैं। आएदिन शहरवासियों एवं वाहन चालकों के बीच तूतू-मैंमैं कहा सूनी होती रहती है। ऐसे में किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# ब्लास्टिंग से मकानों को क्षति हुई तो परियोजना देगा मुआवजा : शुक्ला

### जिला प्रशासन एवं कोयला परियोजनाओं के संयुक्त बैठक के बाद कार्यवाही विवरण हुआ साझा

**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में पिछले सप्ताह कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कोयला परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विस्फोट पदार्थो के उपयोग की प्रक्रिया, ब्लास्टिंग का समय एवं तीव्रता की समय निर्धारण सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई थी।

बैठक में एसपी, एडीएम, एसडीएम एवं एनसीएल परियोजनाओं के अधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त बैठक की कार्रवाई विवरण आज साझा कर सार्वजनिक कर दी गई है। बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में कलेक्टर स्पष्ट कर दिया है। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह 10 जुलाई को जिला प्रशासन एवं कोल परियोजनाओं के संयुक्त बैठक में लिये निर्णय के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में कार्यरत समस्त कोयला परियोजनाएं मध्यम गति की नियंत्रित ब्लास्टिंग करें। जिले में ब्लास्टिंग के लिए दोपहर बाद 1 बजे से 2 बजे तक का समय निर्धारित है। उक्त समय में सभी परियोजनायें ऐसी व्यवस्था बनायें कि परियोजनाओं की ब्लास्टिंग से कोई व्यक्ति प्रभावित न हो। विद्यालय के छात्रों का उक्त अवधि लंच के लिए नियत रहता है। मुख्यत: जयंत और सासन परियोजना घनी आबादी क्षेत्र में होने के कारण उनका ब्लास्टिंग का समय अपने उच्चाधिकारियों से चर्चा उपरांत परिवर्तित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सुलियरी कोल माइंस के 500 मीटर के समीप घनी आबादी निवासरत है। जहां ब्लास्टिंग कार्य किये जाने पर परियोजना के समीप संचालित विद्यालय के छात्रों एवं आम लोगों की आम दिनचर्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उक्त परियोजनाएं कोयला उत्खनन के लिए नियंत्रित कम तीव्रता ब्लास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। समस्त कोयला परियोजनायें ब्लास्टिंग के लिए नियत समय पर ब्लास्टिंग के आधे घण्टे पूर्व आसपास के आबादी क्षेत्र में जाकर वहां निवासरत लोगों को यह चेतावनी दें कि वे ब्लास्टिंग होने तक घर से बाहर न निकलें एवं सायरन बजाकर लोगों को ब्लास्टिंग की सूचना प्रदान करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिले की समस्त कोयला परियोजनाओं को निर्धारित समय पर ब्लास्टिंग किये जाने की सूचना संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट को प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा। जिले के अंतर्गत संचालित एनसीएल परियोजनाओं तथा निजी क्षेत्र की अन्य कोयला परियोजनाओं को उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। अगर किसी परियोजना के द्वारा उक्त निर्देशों के पालन नहीं किया जाता है अथवा पालन किये जाने में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित परियोजना के स्थानीय प्रबंधक को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी मानते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने कड़े शब्दों में कहा है कि उक्त निर्देशों का शत प्रतिशत पालन हो।

## राजस्व महाअभियान के दौरान किया जा रहा है राजस्व प्रकरणों का निराकरण



**सिंगरौली।** भू-स्वामियों के हित में त्वरित एवं आसान सेवाएं देने के उद्देश्य से राजस्व महाअभियान 2.0 का सम्पर्ण सिंगरौली में आयोजन किया जा रहा है। अभियान के दौरान किसानों की सुविधओं और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान संचालित किया गया है। अभियान के दौरान उपस्थित राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों ने किसानों को बी-1 का वाचन किया जा रहा है। साथ ही शिविर में अविवादित नामांतरण, वटनवारा, सीमांकन, समग्र, ई-केवईसी के प्रकरणों तथा पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अभियान में संबंधित क्षेत्रों के जन प्रतिनिधियों के उपस्थिति में किसानों के समस्याओं का निराकरण किये जा रहे है। सिंगरौली तहसील क्षेत्रांतर्गत के ग्राम पंचायत मझौली एवं सिद्धिखुर्द में उपखण्ड अधिकारी सृजन बर्मा ने पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया गया एवं उपस्थित राजस्व अमले को निर्देशित किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन

**सिंगरौली।** राष्ट्र के विशालतम विद्युत संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संचालन समन्वय समिति बैठक का मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन मांग और आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसमिशन लाइनों के आउटेज और जनरेटिंग इकाइयों से संबंधित विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर चर्चा करना था।

सदस्य सचिव डब्ल्यूआरपीसी दीपक कुमार, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा,



एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, एमपी एसएलडीसी पीजीसी आईएल, डब्लूआरपीसी और डब्ल्यूआर -1 हेडक्वार्टर के अधिकारी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ के लाभार्थी प्रतिनिधि, एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र प्रथम स्टेशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों ने बैठक में भाग लिया तथा विभिन्न तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक के बाद संचालन समन्वय समिति के सदस्यों ने विंध्याचल संयंत्र का भ्रमण किया। बैठक के समापन अवसर पर सदस्य सचिव डब्ल्यूआरपीसी दीपक कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित बैठक की सराहना की तथा सभी हितधारकों को उचित परामर्श दिया। सायंकाल सभी ओसीसी प्रतिनिधियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल परिवार के साथ जुड़े हितधारकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एक यादगार साबित रहा।

## मेरा बच्चा मेरी जिम्मेदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**विंध्यनगर।** बचपन रहे सुरक्षित, सबको हो जानकारी, मेरा बच्चा है, मेरी जिम्मेदारी। इस विचार को ध्यान में रखकर दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में व्यक्तिगत स्वच्छता तथा गुड टच-बैड टच की उपयोगी जानकारी प्रदान करते हुए कक्षा 3 से 5 के छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वीडियो, नाटक, भाषण, प्रश्नोत्तरी आदि रोचक गतिविधियों ने बच्चों को स्वच्छता व गुड टच-बैड टच की जानकारी प्रदान की गई। छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों के सहयोग से यह कार्यशाला संपन्न की गई। कार्यक्रम में सुनंदा मालवीय, रमा तिवारी,




जूही सिंह विभूति रस्तोगी अन्य विशेष अतिथियों ने नुक्कड़ नाटक की सुंदर प्रस्तुति की गई। कार्यशाला आयोजित करने के लिए सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने अपने संबोधन में छात्रों को गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक करके उन्हें स्वच्छता और माता-पिता की सेवा का महत्व समझाया।

# अवैध शराब ठिकाने पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन मे एवं जिला आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम के मार्गदर्शन में वृत मोरवा के अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर आज दिन शुक्रवार को दबिश दी गई। जहां भारी मात्रा में महुआ लाहन के साथ हाथभट्टी शराब बरामद करते हुये कार्यवाही की गई।

जानकारी में बताया गया कि तलाशी कार्यवाही दौरान सोनू गुप्ता पिता राम दुलारे गुप्ता उम्र 26 वर्ष निवासी गोलाई बस्ती जयंत के



रिहायशी मकान से 140किलो ग्राम महुआ लाहन एवं 5 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई । इसी प्रकार बेबी देवी पत्नी बंसल राम स्वीपर उम्र 48 वर्ष निवासी जयंत के रिहायसी मकान से 12 लीटर हाथभट्टी शराब बरामद की गई । कुल जप्त 17 लीटर हाथभट्टी शराब एवं 140 किलोग्राम महुआ लाहन जिसकी अनुमानित कीमत 16550 रूपये है बरामद कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 के अंतर्गत धारा 34(1) क व च के तहत मामला पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक एसके यादव, आबकारी आरक्षक बहादुर सिंह, नायक प्रकाश कुमार मिश्रा, सैनिक बीरबल साकेत, बृहस्पति पटेल एवं आबकारी आरक्षक अमरपाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सूर्या द्विवेदी के नेतृत्व में मितेन्द्र दर्शन सिंह का हुआ जगह-जगह स्वागत

**सिंगरौली।** म.प्र. युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव का सिंगरौली आगमन हुआ। जिसमें युवा कांग्रेस के सूर्या द्विवेदी के नेतृत्व में जिले के बॉर्डर झोखों से लेकर देवसर, बरगवां, परसौना, तेलाई मोड़ अन्य जगहों में भव्य स्वागत किया गया । युवा कांग्रेस के उत्साहित कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में जोरदार गगन भेदी नारा लगाते हुए जय स्तंभ चौक तक पहुंचे। वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह के मुख्य अतिथि में जय स्तंभ चौक से तुलसी मार्ग होते हुए अंबेडकर चौक तक मसाल जुलूस निकाला गया।

# विद्यालय से अनुपस्थित पाए गये शिक्षक हो गये निलंबित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में जिला शिक्षा विभाग सिंगरौली के द्वारा विद्यालयों की लगातार सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय अकेलवाडाड़ के शिक्षक विद्यालय से अनुपस्थित पाए गये थे। जहां अनुपस्थित शिक्षक को कलेक्टर के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है।

इधर बता दे कि उपखंड अधिकारी के आदेश पर अपर तहसीलदार वृत्त पंजरेह तहसील नगर ने 1 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत के भ्रमण के दौरान उपेंद्र कुमार भगत, भृत्य अनुपस्थित पाए गए थे। संबंधी जन को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। जिनके ने नियत समय पर प्रतिरक्षण जवाब प्रस्तुत किया गया।

जवाब संतोषप्रद ना पाए जाने पर अनुपस्थित दिवस को अवैतनिक किया गया। वही सहायक संचालक शिक्षा का बीते 2 जुलाई को प्राथमिक विद्यालय अकेलवाडांड काम संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तियरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विजय नारायण शर्मा प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया फलस्वरुप श्री शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैला विकासखंड चितरंगी नियत किया गया। संबंधीजन को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी

# एनटीपीसी सिंगरौली ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वितरित किया फलदार पौधे




**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली- शक्तिनगर ने संचालित पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के क्रम में 19 जुलाई को एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग ने कुल 150 फलदार पौधे शक्तिनगर परिक्षेत्र के जन सेवा समिति संस्था को पौधारोपण के लिए सुपुर्द किए गए।

इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली ने शक्तिनगर के जन सेवा समिति के तमाम समाज सेवाओं को मद्देनजर रखते हुए उनका प्रोत्साहन किया तथा उनके पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज कल्याण के लिए आगे बढ़कर आने के लिए उनको बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर्स को भी फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में एलके बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, डॉ. एस के खरे, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएँ, सिद्धार्थ मंडल, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, डॉ. ओमप्रकाश, वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन, काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर्स एवं एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

## अनुभवी वायु योद्धाओं के दल को अग्निपथ योजना के प्रचार अभियान के लिए भेजा जाएगा एयर फोर्स चयन केन्द्र

**सिंगरौली।** एएससी एयर फोर्स एक चयन केन्द्र है। जहां म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के युवाओं की भर्ती भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के रूप में डिपार्टमेंट ऑफ मिलिटरी अफेयर्स भारत सरकार ने जारी की है। अग्निपथ योजना के तहत करता है । यह यूनिट युवाओं को भारतीय वायु सेना की चयन प्रक्रिया, रोजगार एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षित करती है। इस उद्देश्य के लिए इस केन्द्र ने सिंगरौली जिलें में 25 जुलाई से 26 जुलाई तक प्रचार अभियान चलाने के लिए समर्पित एवं अनुभवी 2 वायु योद्धाओं के दल को भेजने की योजना बनाई है। यह दल सिंगरौली रेल्वे स्टेशन पर 25 जुलाई को प्रात: 5 बजे पहुंच जायेगा।

# सहायक संचालक के भ्रमण में मोबाईल चलाते मिले मास्साब साहब

### मिली भारी कमियां, मध्यान्ह में हीलाहवाली, शिक्षक अवकाश पर फिर भी आवेदन पत्र नही

**सिंगरौली**

जिले भर में शिक्षा व्यवस्था पर कही न कही सवाल खड़ा होता दिखाई दे रहा है। जिले में कई ऐसी विद्यालय है जहां समय पर ताला नही खुलता । ताला खुलता है तो शिक्षक नदारत रहते हैं। अगर रहते भी हैं तो पठन पाठन के बजाय मोबाईल या गप्प लड़ाते नजर आते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा आज दिन शुक्रवार को संकुल केन्द्र खुटार के विद्यालय गहिलरा व कंजी में देखने को मिला है। जहां सहायक संचालक कविता त्रिपाठी अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंची तो एक मास्साब साहब पेड़ के नीचे कुर्सी लगाकर मोबाइल देखते आराम फरमा रहे थे। ऐसे में



यह साफ जाहिर होता है कि ऐसे शिक्षकों की बदौलत कही न कही नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

इधर बता दे की सहायक संचालक कविता त्रिपाठी 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय गहिलरा संकुल खुटार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला में पदस्थ सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। मध्यान भोजन मीनू अनुसार बनना नहीं पाया गया। शाला में पदस्थ मनोज कुमार सिंह माध्यमिक शिक्षक 20 जुलाई का एडवांस हस्ताक्षर कर पेड़ के नीचे मोबाइल चलाते हुए पाए गए। वही शासकीय प्राथमिक विद्यालय कंजी में निरीक्षण के दौरान शाला में पदस्थ प्रवीण कुमार पाण्डे य प्राथमिक शिक्षक 18 जुलाई से अवकाश पर पाए गए हैं । लेकिन शाला में अवकाश आवेदन पत्र सक्षम अधिकारी से स्वीकृत कराकर नहीं पाया गया। इस कदर की घोर लापरवाही देखने को मिली है।

# जल्द ही मिलेगी भारत स्काउट गाइड को प्रशिक्षण भवन की सौगात : सांसद

## भारत स्काउट गाइड का बिगनर्स कोर संपन्न




**सीधी।** स्काउटिंग एक अच्छा नागरिक बनाने की प्राथमिक पाठशाला है। छात्रों का बहुमुखी विकास शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक स्तर का सर्वांगीण विकास भारत और स्काउट गाइड के माध्यम से छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर पर सहज रूप में प्राप्त होता है।

उक्त आशय के विचार भारत स्काउट एवं गाइड के शिक्षकों के विगनर्स कोर्स प्रशिक्षण वर्ग में के उद्घाटन समारोह में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने व्यक्त किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि रेड क्रॉस, एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्र सेवा के विभिन्न माध्यम है। इन संगठनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सहज भाव से राष्ट्रीय दायित्वो का विकास होता है। भारत स्काउट गाइड का स्काउटर और गाइडर किसी भी प्राकृतिक आपदा में स्वयं की रक्षा करते हुए अपने आसपास के नागरिकों के भी सुरक्षा करने में सक्षम होता है।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आए सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक वही है जो सदैव अध्यनरत होता है। सीखने और पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती है। आप सभी लोग यहां से ठीक ढंग से ट्रेनिंग लेकर अपने-अपने विद्यालयों को स्काउटिंग के लिए दल तैयार करें।

भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष एवं ज्योत्सना विद्यालय के डायरेक्टर डॉ अजय मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में प्रभावी और सक्रिय स्काउटिंग हो इसके लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। स्काउटिंग आज की मांग है। स्काउट एवं गाइड विश्व का सबसे बड़ा लोकप्रिय छात्र संगठन है।

भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में औपचारिक रूप से स्काउटिंग प्रारंभ है, किंतु इसे प्रभावी सशक्त बनाने के लिए एक जन आंदोलन की आवश्यकता है। यह आंदोलन सभी शिक्षको के माध्यम से हो सकता है। ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में स्काउटिंग दल बनाएं।

भारत स्काउट एवं गाइड की जिला आयुक्त गाइड बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर श्वेता सिंह ने कहा कि स्काउटिंग सेवा भाव का पर्याय बन गई है। स्काउटिंग के माध्यम से बच्चों में सहज रूप से सामूहिकता, नेतृत्व क्षमता, समाज के लिए कुछ करने की तमन्ना जैसे अनेक भाव सहज रूप में जागृत होते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को स्काउटिंग की ट्रेनिंग अवश्य लेनी चाहिए।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र सिंह बघेल ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पांडे एवं आभार प्रदर्शन काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्र ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा सहित सभी अतिथियों का भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारी द्वारा शानदार अभिनंदन किया गया। लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा को शानदार विजय श्री अर्जित करने के लिए साल और श्रीफल से अभिनंदन और स्वागत किया गया।

भारत स्काउट गाइड के काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्र द्वार सांसद डॉ राजेश मिश्रा का धरती की एक बेटी स्वरचित पुस्तक प्रदान कर अभिनंदन किया गया। गाइड द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारत स्काउट एवं गाइड के जिला उपाध्यक्ष संविदाकार एवं रेडमी सीटी विद्यालय के संचालक राममिलन साहू, नीतू सिंह, एकलव्य विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, अबोध विद्यालय के डायरेक्टर सौरव सिंह, जिला सचिव हरिशंकर पांडे, संयुक्त सचिव शशि गौतम, जिला संगठन आयुक्त छात्रमणि पांडे, प्रशिक्षण आयुक्त गाइड अजीत द्विवेदी, अमित प्रधान, स्काउट प्रतिनिधि के पी सिंह सहित सीधी और सिहावल ब्लॉक से सैकड़ो शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने संरक्षण शिक्षा अंतर्गत किया प्रकृति भ्रमण




**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने संरक्षण शिक्षा अंतर्गत प्रकृति भ्रमण किया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में गठित इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत संरक्षण शिक्षा हेतु छात्र -छात्राओं के दल को ऐतिहासिक गोविंदगढ़ तालाब जिला रीवा एवं मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी जिला सतना का प्राकृतिक भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के सहयोग से इको क्लब संयोजक प्रो. दिवाकर सिंह द्वारा आयोजित किया गया। भ्रमण दल में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु इको क्लब सदस्य डॉ. के .एल. प्रजापति, डॉ. शशि कला पटेल ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रकृति को नजदीक से देखा समझा और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया व्हाइट टाइगर सफारी में विविध प्रकार की वनस्पतियों का परिचय एवं अध्ययन के साथ-साथ विविध प्रकार के जंतुओं जैसे व्हाइट टाइगर, टाइगर, शेर, तेंदुआ, चीता, सियार, भालू, जंगली बिल्ली, नीलगाय, चिंकारा, बारहसिंघा, डांसिंग डियर, कांकर, जंगली सुअर एवं तितलियों तथा पक्षियों की विविध प्रजातियों को नजदीक से प्रकृति में देखकर काफी हर्षित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति को समझने एवं सहेजने की प्रवृत्ति का विकास करना है। इको क्लब का यह प्रयास बच्चों में धारणीय विकास एवं प्रकृति को नजदीक से अवलोकन कर प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत करने में लाभकारी सिद्ध हुआ।

# रेत के अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही



**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु गुरूवार के मध्यरात्रि में खनिज सर्वेक्षक समय लाल गुप्ता व उनकी टीम द्वारा ग्राम बुढ़वा तहसील ब्यौहारी में हाईवा क्रमांक द्वश्च18द्ब5440को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा जाकर थाना ब्यौहारी में सुपुर्द किया गया एवं ग्राम समान तहसील ब्यौहारी के खसरा क्रमाक 913 रकवां 0.222 हे. जो की निजी भूमि है, जिसके भूमिस्वामी इन्द्रावति पति बृजेन्द्र सिंह के नाम दर्ज है की भूमि पर 80 घनमीटर (चार हाईवा) खनिज रेत का भंडारण होना पाया गया, जिसको लावारिस हालत में जप्त किया जाकर ग्राम समान के सरपंच के बेटे विक्रम सिंह वैश्य पिता बृजनंदन प्रसाद वैश्य निवासी समान की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में खनिज नियमों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व प्रकरणों का किया गया निराकरण

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखंडों में राजस्व महा अभियान 2.0 चलाकर राजस्व के सभी प्रकरणों का निराकरण मैदानी अमले द्वारा डोर-टू-डोर जाकर, शिविर लगाकर यथासंभव किया जा रहा है। आज राजस्व अभियान के तहत अनुभाग क्षेत्र जैतपुर के तहसील बुढार में बी-1 का वाचन,अनुभाग क्षेत्र जयसिंहनगर के सौता नक्षा तरमीम, बी-1 का वाचन, सीमाकंन, ई-केवाईसी, बटांकन, अभिलेख दुरूस्ती जैसे अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया गया।

गौरतलब है कि राजस्व महा अभियान 31 अगस्त 2024 तक निरंतर जारी रहेगा।

# सीधी रंगमंच के बाल कलाकार 20 और 21 को हैदराबाद में

## इन्द्रवती नाट्य समिति के बाल कलाकार 20 जुलाई को हैदराबाद में कर्णभारम नाटक की करेंगे प्रस्तुति

**नेशनल चिल्ड्रेन थिएटर फेस्टिवल हैदराबाद में 21 जुलाई को नाटक नमस्कार जी नमस्कार का मंचन करेंगे एक्सट्रीम आर्ट एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के बाल कलाकार**

**नेशनल चिल्ड्रेन थिएटर फेस्टिवल में नाट्य मंचन करने रवाना हुई सीधी के बाल कलाकारों की टोली**




**सीधी।** सीधी की अग्रणी नाट्य संस्था इन्द्रवती नाट्य समिति अनवरत रंगमंच के मार्फत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महोत्सवों में सीधी की लोक संस्कृति व पारंपरिक कलाओं की सोंधी खुशबू से दर्शकों का दिल जीतकर उनका पसंदीदा रंगमंच बन पाने में सफल हुई है वहीं दूसरी तरफ़ बाल कलाकारों की प्रस्तुति कर्णभारम का मंचन करने नेशनल चिल्ड्रेन थिएटर फेस्टिवल 2024 में शिरकत करने हैदराबाद के लिए रवाना हो गई है। रंगमंच और लोकमंच को लेकर सीधी हमेशा से चर्चा में रही है इसी तारतम्य में अबकी बार इन्द्रवती नाट्य समिति के बाल कलाकार 20 जुलाई को महाकवि भास विरचित एवं नीरज कुंदेर व रोशनी प्रसाद मिश्र निर्देशित नाटक कर्णभारम की प्रस्तुति देंगे वहीं 21 जुलाई को एक्सट्रीम आर्ट एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के कलाकार नेशनल चिल्ड्रेन थिएटर फेस्टिवल हैदराबाद में ज्योति परिहार लिखित एवं विनोद राई निर्देशित नमस्कार जी नमस्कार का करेंगे मंचन। प्रस्तुति को मंच तक पहुंचाने में विशेष सहयोग यूसीएन मास पब्लिक स्कूल का विशेष योगदान है।सीधी रंगमंच के युवा रंगकर्मी नीरज कुंदेर,रोशनी प्रसाद मिश्र सहित रजनीश जायसवाल,प्रजीत साकेत, नेहा सिंह कुंदेर,रुची सिंह बघेल,भूपेंद्र पटेल,निर्भय द्विवेदी सहयोगी के रूप में आदित्य पाण्डेय व देवकी पाण्डेय के साथ-साथ बाल कलाकारों में दिव्यांश पाण्डेय, अभिनय कुंदेर, श्रेष्ठ सिंह, सारिका निगम, ऋचा मिश्रा, आराध्या सिंह, सूरज साहू, अथर्व सिंह, कान्हा मिश्र, अमर विश्वकर्मा, कंचन साहू, अकांक्षा माझी, अनुभूति कुंदेर, अदिति पाण्डेय, अमृता लक्ष्मी यादव, आदित्य जायसवाल, अतुल्य सिंह, ऋषभ तिवारी, अकांक्षा साहू, जीविका सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, समर्थ पाण्डेय, रिया मिश्रा, आर्यन सिंह, आर्यन डेहरिया, सुयश धर द्विवेदी रेवांचल एक्सप्रेस से रवाना हुए।

# हैण्ड पम्प एवं प्लेटफॉर्म निर्माण हेतु प्रशासकीय राशि स्वीकृत

**शहडोल**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने आदेश जारी कर जनपद पंचायत जयसिंहनगर विभन्न ग्राम पंचायतों में हैण्ड पंप स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक को 1.09 लाख रूपये की स्वीकृति दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हैण्ड पंप स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण कार्य के लिए जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरना के ग्राम निगई के वार्ड नं. 17 में, ग्राम पंचायत बसोहरा के बसोहरा मोहल्ला एवं बडरियान टोला में, ग्राम पंचायत जमुनिहा के ग्राम नौगई के बैगा बस्ती एवं खैरबार बस्ती में, ग्राम पंचायत देवरा के ग्राम देवरा वार्ड नं. 12 में, ग्राम पंचायत नवाटोला में, ग्राम पंचायत लखनौटी के स्कूल टोला में, ग्राम पंचायत मीठी के पुरानी बस्ती में, ग्राम पंचायत कुबरा के मउहार टोला में, ग्राम पंचायत कुदरी के साहब टोला में, ग्राम पंचायत अमझोर में मउहार टोला में, ग्राम पंचायत जमुनिहा के पंचायत भवन पास, ग्राम पंचायत देवरा के सिंहार मोहल्ला, ग्राम पंचायत लखनौटी के ग्राम दुआरी में मंदिर पास, एवं ग्राम पंचायत लपरी में बड़ मस्जिद के पास। इन सभी जगहों में हैण्ड पंप स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण कार्य किए जाएंगे।

# जिला रोजगार कार्यालय में काउन्सलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला रोजगार कार्यालय सीधी में कॅरियर काउन्सिंलिंग योजना अंतर्गत मार्गदर्शन हेतु काउन्सलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। नामांकित काउन्सलरों को निर्धारित दिवसों में जिले में स्थित स्कूल एवं कालेजों में जाकर बच्चों की काउन्सिंलिंग का कार्य करना होगा जिसका उन्हे शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जायेगा। इच्छुक आवेदक 29 जुलाई 2024 तक अपने आवेदन जिला रोजगार कार्यालय सीधी में जमा कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक काउन्सलर हेतु अनिवार्य योग्यता सइकोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा होना चाहिए। विषय विशेषज्ञों एवं काउन्सलर हेतु योग्यता मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव सहित किसी भी विषय में डिग्री /डिप्लोमा/ पीजी डिग्री होना चाहिए। इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सीधी (म0प्र0)**

क्रमांक-पुअ/सीधी/रनि/ 5160 /2024 दिनांक 16/07/2024

**खुली निविदा विज्ञप्ति (तृतीय एवं अंतिम निविदा आमंत्रण)**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सीधी में विभिन्न थानो में शासकीय उपयोग हेतु मासिक किराये पर वाणिज्यिक परिवहन वाहन (बोलेरो संख्या 09) लिए जाने हेतु तृतीय एवं अंतिम निविदा आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफो में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.07.2024 को समय 16:30 बजे तक है। फर्मो द्वारा प्राप्त निविदाए दिनांक 26.07.2024 को सायं 17:00 बजे गठित कमेटी के समक्ष पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा उपस्थित फर्मो के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

**//खुली निविदा की शर्तें//**

1. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन वाणिज्यिक परिवहन यान के रूप में दर्ज होने चाहिये तथा संबंधित ट्रेवल एजेंसी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय में पंजीयन होना आवश्यक है।
2. वाहनो की स्थिति व रख रखाव उत्तम श्रेणी का हो तथा पॉच वर्षो से पुराना वाहन किराये पर नही लिया जाऐगा। आवश्यकता के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज/डॅंजर लाईट/सीट कव्हर आदि प्रदाय करने होगे।
3. वाहन प्रदाता मय चालक के वाहन उपलब्ध करायेगा। वाहन चालक के पास नियमानुसार वैध कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस होना आवश्यक है तथा वाहन चालक आपराधिक चरित्र का व्यक्ति न हो। वाहन चालक का वेतन/भत्ता एवं अन्य खर्चे जिसमें चालक का दैनिक एवं यात्रा भत्ता शामिल हो , वाहन प्रदाता वहन करेगा।
4. वाहन प्रदाता वाहन की मासिक स्थायी दर 1500 किमी0 के लिये प्रस्तुत करे तथा 1500 किमी0 से अधिक दूरी के लिये प्रति किमी0 की दर प्रस्तुत करते हुये पृथक-पृथक दर लिखकर निविदा प्रस्तुत करें।
5. वाहन प्रदायकर्ता फर्म उक्त दरों मे पीओएल0 को सम्मिलित कर वाहन किराया दर प्रस्तुत करेंगें।
6. वाहन चालक को वाहन के पंजीकरण, बीमा, फिटनेस, फास्टैग (टोल टैक्स सर्टिफिकेट) एवं लायसेंस संबंधी आवश्यक अभिलेख वाहन में साथ में रखना अनिवार्य होगा। वाहन संबंधित सभी भुगतान पूर्ण होना चाहिये।
7. वाहन में हुई किसी तकनीकी खराबी होने के कारण यदि आवश्यकतानुसार वाहन का उपयोग करने में बाधा आती है। तो वाहन प्रदाता को अन्य वाहन की व्यवस्था करना होगा।
8. मार्ग मे वाहन खराब होने की स्थिति में वाहन खराब होने के स्थान से गैरेज तक लाने का दायित्व वाहन प्रदाता का होगा।
9. वाहन संधारण ,वाहन मे होने वाली टूट-फूट ,बैटरी, टायर-ट्यूब आदि के व्यय की संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदायकर्ता की होगी।
10. वाहन मे स्टेपनी,टायर-ट्यूब एवं माईलोमीटर चालू एवं उत्तम हालत होने की जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
11. वाहन दुर्घटना की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी , वह उसके लिये पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं समस्त खर्चे वहन करेगा।
12. वाहन चालक द्वारा उपयोगकर्ता अधिकारी व वाहन प्रभारी से प्रतिदिन मीटर रीडिंग के अनुसार की गई यात्रा का प्रमाणीकरण लागबुक से कराना होगा तथा इसकी प्रतिलिपि देयक के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. संबंधित ट्रेवल एजेन्सी देयको के भुगतान हेतु देयक प्रतिमाह की 05 तारीख को रक्षित केंद्र वाहन शाखा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, ताकि समय पर देयको का भुगतान किया जा सके।
14. वाहन के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद होने पर उसके निराकरण का उत्तरदायित्व वाहन प्रदाता का होगा एवं यदि कोई वैधानिक क्षतिपूर्ति मान0 न्यायालय द्वारा किसी स्थिति में निर्धारित की जाती है , तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
15. उपरोक्त समस्त शर्तो के संशय/विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस अधीक्षक सीधी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

पुलिस अधीक्षक
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-13655/24

# एक पेड़ मां के नाम लगाए धरा को हरा-भरा बनाएं

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधरोपण,ली सेल्फी



**शहडोल।** सुरक्षित भविष्य के लिए पौध-रोपण ज़रूरी है तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक पौधे का रोपण जरूर करें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन बन चुका है। जब हम एक पेड़ माँ के नाम से रोपेगें तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगें। आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद,एडीजीपी श्री डीसी सागर एवं कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय के सर्किट हाउस एवं कमिश्नर कार्यालय के परिसर में धरती माता का श्रृंगार करने एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका श्री घनश्याम जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, तहसीलदार श्रीमती दिव्या मरावी सहित अन्य लोगों ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। साथ ही पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सेल्फी भी ली।

# मातृ मृत्यु के संभावित कारकों को किया जाए दूर: सीएमएचओ

## मातृ मृत्यु दर को नियंत्रण रखने सबंधी त्रैमासिक बैठक सम्पन




**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल की उपस्थिति में आज होटल त्रिदेव में मातृ मृत्यु दर को नियंत्रण रखने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन हेतु त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. लाल ने मातृ मृत्यु दर को रोकने तथा मातृ मृत्यु दर के कारको को दूर करने के संबंध में जिले के सी. बी. एम. ओ. सेक्टर मेडिकल आफिसर, सी0एच0 ओ0, ए एन एम0 तथा आशा कार्यकताओं से संवाद किया। उन्होंने ने कहा कि प्रथम त्रैमास में ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन बढ़ाया जाए, साथ ही गर्भवती माताओ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड व अन्य पोषक दवाईयां खाने के लिए समझाईस दी जाए तथा पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी जायें।

उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु के कुछ प्रमुख कारक है, जैसे गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संस्था ले जाने पर परिवार द्वारा विलंब, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संस्था लाने के लिए वाहन विलंब तथा त्वरित उपचार न मिलना देखा जाता है। उन्होनें कहा है कि हमें उक्त समस्याओं को दूर करना होगा।

उन्होने कहा, कि यदि घर में मातृ मृत्यु होती है तो तो कम्यूनिटी आडिट, और यदि संस्था में मातृ मृत्यु होती है, तो कम्यूनिटी के साथ साथ फैसिलिटी आधारित आडिट भी की करना आवष्यक है।

बैठक में डॉ0 आर. के. शुक्ला, डॉ राजेश मिश्रा, डी.एच.ओ. डॉ एस.डी. कवर, सीबी.एम.ओ., डी पी एम श्री मनोज द्विवेदी, आई हेट के स्टेट काउंसलर श्री विकास द्विवेदी, सी.एच.ओ,ए एन एम एवं आशाकार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### विधेयकों पर बढ़ेगी मेहनत, बहुमत से दूर एनडीए

बीते सप्ताह राज्यसभा के चार मनोनीत सदस्यों के अपना कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद सदन में भाजपा सदस्यों की संख्या घटकर 86 रह गई। सदस्यता हासिल करने के बाद ये चारों औपचारिक तौर पर भाजपा से जुड़ गए थे। जाहिर है, अब सत्तारूढ़ पार्टी के फ्लोर मैनेजरों को बहुमत साधने के लिए थोड़ी और मशक्कत करनी पड़ेगी। वैसे, राज्यसभा में बहुमत से दूरी भाजपा के लिए कोई नई बात नहीं है। लोकसभा में अपने दम पर बहुमत लेकर सरकार बनाने के बाद भी बीते दस वर्षों में उसे ऊपरी सदन में बहुमत प्राय- मैनेज ही करना पड़ा। आज भी जब लोकसभा में सत्तारूढ़ एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल है, राज्यसभा में उसकी कुल सदस्य संख्या 101 तक ही पहुंच पा रही है। 225 की मौजूदा सदस्य संख्या वाले सदन में साधारण बहुमत के लिए 113 का आंकड़ा जरूरी है। ऐसे में जब इसी महीने की 22 तारीख से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है, केंद्र सरकार की एनडीए से बाहर के दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि अब तक के अनुभव की रोशनी में देखें तो इन दलों के बीच से जरूरी समर्थन जुटाना सरकार के लिए कोई मुश्किल लक्ष्य नहीं है। खासकर तब, जब 11 सदस्यों वाली वायएसआर कांग्रेस और 4 सदस्यों वाली एआईएडीएमके जैसी पार्टियां समर्थन देने को तैयार नजर आती हों। वैसे, राज्यसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन की बहुमत से यह दूरी बनी नहीं रहने वाली। अभी सदन की कुल 20 सीटें खाली हैं। इनमें 11 सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों की हैं, जिनके लिए चुनाव इसी साल होने हैं। विधायकों की मौजूदा संख्या को देखते हुए इनमें से सात सीटें सहयोगी दलों को मिलनी तय मानी जा सकती हैं। इसके अलावा अगर महाराष्ट्र में विधायकों को एकजुट रखा जा सका तो दो और सीटें इनके खाते में जुड़ जाएंगी। दूसरी ओर विपक्ष को देखें तो सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के पास अभी 26 सदस्य हैं। तेलंगाना विधानसभा की बदली सूरत के मद्देनजर वहां से एक सीट का इजाफा होना भी लगभग तय है। चूंकि नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए न्यूनतम 25 सीटों की जरूरत होती है, इसलिए उस पर पार्टी को कोई खतरा नहीं है। कुल मिलाकर, आशा की जा सकती है कि विधेयकों पर राज्यसभा में आने वाले वक्त में सार्थक बहस दिखेगी।

# फिर आतंकी हमलें, सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाये

(ललित गर्ग )

ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी।

लगातार जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घटनाएं चिन्ता का कारण बन रही है। डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे। इसके पहले भी जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। ये बहुत चिंतित करने वाले त्रासद एवं घिनौने घटनाक्रम हैं कि पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू संभाग में भी आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। हाल की कुछ घटनाओं से तो यह भी लगता है कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना लिया है। एक ऐसे समय जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी हो रही है, तब आतंकियों का सक्रिय होना और सफलतापूर्वक अपने मनसूबों को कामयाब करना गंभीर चिंता का विषय है।

ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। हमें इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों एवं सेना की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं, हमारी संवेदनाओं को झकझोर सकते हैं। संवेदनाओं एवं भावनाओं को झकझोर भी रहे हैं, जब आतंकवादी हमलों में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे घर की ड्योढ़ी पर आते हैं तब कारुणिक माहौल को देखकर दिल दहल उठता है क्योंकि देश के लिए अपना सर्वोच्च लुटा देने वाला जवान किसी का बेटा, किसी का पति और किसी का पिता होता है। हर आंख में आंसू होते हैं। किसी की गोद, किसी की मांग सूनी हो जाती है। देशवासी सोचने को विवश हैं कि वे शोक संत्पत परिवार के साथ करुणा और पीड़ा को कैसे बांटें।

डोडा वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले 'कश्मीर टाइगर्स' जैसे आतंकी संगठनों की ताजा बौखलाहट की एक बड़ी वजह जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर बढ़ी सरगर्मी है। राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए अगले चंद महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, आतंकियों की बेचैनी समझी जा सकती है कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में घाटी में लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटा, अगर विधानसभा चुनाव में लोगों का उत्साह और बढ़ा, तो जिन 'स्लीपर सेल्स' की बदौलत वे दहशत का अपना पूरा कारोबार चलाते हैं, वे भी मुख्यधारा के प्रति आकर्षित होकर, उनके खिलाफ हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने घाटी के बजाय जम्मू संभाग में अपनी सक्रियता बढ़ाई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया जा सके और सीमा पार के आकाओं से मदद हासिल करने का सिलसिला जारी रहे।



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा के आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। जम्मू-कश्मीर का माहौल सुधरने के बाद वहां के बाजार, पर्यटक स्थल गुलजार हुए हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था सुधर रही है। इसलिए देशद्रोही नहीं चाहते कि कश्मीर में शांति आए और वहां पर निर्वाचित सरकार काम करे। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। क्या इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया है? जो सरकार पाकिस्तान में घूस कर बदला ले सकती है, वह सरकार अब तक शांत क्यों है? ऐसा क्यों हो रहा है, इसकी तह तक जाने की जरूरत है। आतंकी जिस तरह अपनी रणनीति बदलकर सुरक्षा बलों को कहीं अधिक क्षति पहुंचाने में समर्थ दिखने लगे हैं, वह किसी बड़ी साजिश का संकेत है। एक ओर सीमा पार से होने वाली आतंकियों की घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण करना होगा, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को नए सिरे से सबक भी सिखाना होगा। यह इसलिए अनिवार्य हो गया है, क्योंकि पिछले कुछ समय में आतंकी हमलों में बलिदान होने वाले सैनिकों की संख्या कहीं अधिक बढ़ी है।

पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। एक आंकड़े के अनुसार पिछले तीन वर्ष में करीब 50 जवानों को अपना बलिदान देना पड़ा है। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं। आतंक को करारा जवाब केवल तभी नहीं दिया जाना चाहिए, जब एक साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों को बलिदान देना पड़े। वास्तव में हमारे एक भी सैनिक का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। डोडा की घटना के बाद यह जो कहा जा रहा है कि सैनिकों के बलिदान का बदला लिया जाएगा, उसे न केवल पूरा करके दिखाया जाना चाहिए, बल्कि आतंकियों, उनके आकाओं और उन्हें सहयोग-समर्थन देने वालों पर ऐसा करारा प्रहार किया जाना चाहिए, जिससे वे अपनी हरकतों से हमेशा के लिए बाज आएं। पाकिस्तान भले ही आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा हो, लेकिन वह जम्मू कश्मीर में पहले की तरह ही आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। चूंकि इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन उसे उकसाने में लगा हुआ होगा, इसलिए भारत को कहीं अधिक सतर्क रहना होगा।

केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। बढ़ती आतंकी घटनाओं पर गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नजर बनाए हुए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सुरक्षा बल आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देगा लेकिन रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सुरक्षा बलों को आतंकियों के प्रति अपनी रणनीति बदलनी होगी और आतंकी जिन बिलों में छिपे होंगे उन्हें वहां से निकालकर ढेर करना होगा। आतंकवाद पर अंतिम प्रहार करने की तैयारी करनी होगी और साथ ही आतंकियों के मददगारों की भी पहचान करनी होगी, तभी आतंकवाद को नेस्तनाबूद किया जा सकता है।

पुलिस के आला अधिकारी यदि यह कह रहे हैं कि घाटी के नागरिक समाज में पाकिस्तानी 'घुसपैठ' को बढ़ावा देने में कतिपय राजनीतिक दलों का रुख भी जिम्मेदार रहा है, तो क्या यह आधारहीन है? इसका मुकाबला हर स्तर पर हम एक होकर और सजग रहकर ही कर सकते हैं। यह भी तय है कि बिना किसी की गद्दारी के ऐसा संभव नहीं होता है। ताजा आतंकी हमलों के विकराल रूप कई संकेत दे रहे हैं, उसको समझना है। कई सवाल खड़े कर रहा है, जिसका उत्तर देना है। यह पाकिस्तान का बड़ा षड़यंत्र है इसलिए इसका फैलाव भी बड़ा हो सकता है। ये घटनाएं चिल्ला-चिल्ला कर कह रही हैं हमारी खोजी एजेन्सियों से, हमारी सुरक्षा व्यवस्था से कि वक्त आ गया है अब जिम्मेदारी से, सख्ती से और ईमानदारी से जम्मू-कश्मीर को संभालें। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# क्रीमी लेयर की आड़ में आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश ठीक नहीं

(अनिल सिन्हा)

नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है, जो कभी भी बड़ी बहस छेड़ देता है। अभी यह मुद्दा विवादों में घिरी महाराष्ट्र की एक आईएएस अधिकारी के उस सर्टिफिकेट के कारण चर्चा में आया है, जिसमें उन्हें क्रीमी लेयर से बाहर का बताया गया है। यह लेयर पिछड़े वर्ग के उन लोगों को आरक्षण की सुविधा से बाहर रखने के लिए बनाया गया है, जिनके परिवार की सालाना आमदनी आठ लाख रुपये से ज्यादा है। लेकिन इस महिला अधिकारी का मामला सामने आने से पहले से महाराष्ट्र में मराठों को ओबीसी कोटे के भीतर आरक्षण देने की मांग ने जोर पकड़ रखा है। देश के किसी न किसी हिस्से में आरक्षण का मुद्दा गरमाया ही रहता है।

## समान अवसर का सिद्धांत

संविधान सभा में आरक्षण पर हुई बहस का जवाब देते हुए बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ किया था कि आरक्षण का प्रावधान करते समय इस बात का पूरा ख्याल रखा गया है कि यह अवसर की समानता के सिद्धांत का उल्लंघन न करे। उनका तर्क था कि नौकरी की ज्यादा सीटें सभी के लिए खुली रख कर अवसर की समानता का पालन हो सकता है। यही वजह है कि 50त्न से ज्यादा आरक्षण को न्यायपालिका गैर-संवैधानिक करार देती है। आंबेडकर विशेष अवसर के साथ समान अवसर के सिद्धांत पर साथ- साथ चलने के हिमायती थे। दरअसल, निचले पायदान पर खड़े लोगों को ऊंचे पायदान पर खड़े लोगों के साथ स्वस्थ स्पर्धा के लिए तैयार करना समान अवसर के सिद्धांत को ही ताकत देता है।

## मेरिट के सवाल के पीछे

हालांकि आरक्षण के खिलाफ तर्क देने वाले आज भी अवसर की समानता के सिद्धांत के उल्लंघन का आरोप लगाते हैं। वे दूसरा सवाल मेरिट का उठाते हैं। पहले आरोप का जवाब संविधान के प्रावधानों से ही मिल जाता है। दूसरे तर्क का उत्तर ढूंढना भी कठिन नहीं है। असल में, मेरिट की बात जाति के आधार पर चले आ रहे सदियों पुराने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए ही की जाती है। डोनेशन देकर पढ़ाई करने वालों की मेरिट को लेकर शायद ही इस तरह का संदेह व्यक्त किया जाता है।

## सभी तबकों को नुमाइंदगी

संविधान में आरक्षण का प्रावधान नौकरियों और शिक्षा में उन समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया गया है जो गैर-बराबरी व भेदभाव के कारण इससे दूर रह गए हैं। आरक्षण जन्म आधारित जाति व्यवस्था को अपना आधार बनाता है, लेकिन उसे खत्म करने में अपनी भूमिका भी निभाता है। देश को संचालित करने वाले पदों पर सभी तबकों को प्रतिनिधित्व देने से समाज न केवल अधिक लोकतांत्रिक बनता है, बल्कि समाज में समता का रास्ता भी तैयार होता है।

## जटिल पहलू

आरक्षण को लेकर होने वाली बहस में क्रीमी लेयर यानी आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों को आरक्षण की सुविधा से वंचित करने का मुद्दा काफी चर्चा में रहता है। इसी तरह उन परिवारों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने की मांग अक्सर होती रहती है जिनकी एक पीढ़ी को यह सुविधा मिल चुकी है। आरक्षण समर्थक बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका भी इन प्रावधानों के पक्ष में है। लेकिन ये सवाल वास्तव में जटिल हैं।

## क्रीमी लेयर की सीमित उपयोगिता

आजादी के इतने वर्षों के बाद भी सामाजिक यथार्थ में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। यह कहना मुश्किल है कि पद पाने से सामाजिक प्रतिष्ठा मिल ही जाती है और जाति का बंधन शिथिल ही हो जाता है। ओबीसीआरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान को मजबूत करने और आरक्षण पा चुके परिवारों को इस सुविधा से वंचित करने की मांग इन तबकों के बीच बन रही गैर-बराबरी को दूर करने के उपाय भर हैं। इसे आरक्षण के विरुद्ध सैद्धांतिक हथियार बनाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

## भर्ती तंत्र का पूर्वाग्रह

जिन समूहों की सामाजिक और आर्थिक हैसियत वास्तव में बेहतर हो चुकी है, उन्हें आरक्षण से बाहर करने की बात सैद्धांतिक रूप में सही है। लेकिन इस समीक्षा के लिए जरूरी ईमानदार व्यवस्था नदारद है। भर्ती करने वाले तंत्र को लेकर यह शिकायत लगातार आ रही है कि 'योग्य उम्मीदवार नहीं मिले' कह कर वह पद खाली छोड़ देता है।

## संपूर्ण रोजगार की लड़ाई नहीं

बहस का एक अहम पहलू यह भी है कि क्या आरक्षण शिक्षा और बेरोजगारी के सवाल को हल करने में मदद करता है? क्या यह जातिवाद पर निर्णायक चोट करता है? यह वाकई दिलचस्प है कि आरक्षण के समर्थक तथा विरोधी, दोनों ही कभी भी संपूर्ण रोजगार की लड़ाई नहीं लड़ते। इसी तरह सामाजिक न्याय की राजनीति का अर्थ सिर्फ आरक्षण की मांग रह गया है। जाति व्यवस्था तोड़ने के लिए कोई सामाजिक आंदोलन नहीं है।

## जाति की गोलबंदी

आरक्षण और जाति की गोलबंदी आपस में इस तरह गुंथ गई है कि आरक्षण का विरोध करते रहे समूह भी अपने लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्हें रोजगार पाने का सबसे आसान रास्ता यही दिखाई देता है। वे यह नहीं देख रहे कि आर्थिक नीतियों के कारण रोजगार के अवसर सिकुड़ गए हैं। संगठित क्षेत्र सात प्रतिशत से भी कम रोजगार देता है। कुल रोजगार में सरकारी रोजगार का प्रतिशत भी तीन से ज्यादा नहीं है। ऐसे में, आरक्षण की मांग को लेकर की जा रही जाति आधारित गोलबंदी से रोजगार तो नहीं मिलेगा, लेकिन सामाजिक विभाजन जरूर बढ़ेगा।

## वर्ग पहेली 5436



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पारसमणि फिल्म से सरगमी सफर शुरू करने वालों में से एक संगीतकार जिनका जन्म 3 सितंबर 1944 है (4)
4. 1971 को यह देश स्वतंत्र राष्ट्र बना (3)
7. जल से उत्पन्न वस्तु (3)
8. पवित्र, पाक, पापहीन (3)
9. कल्पवृक्ष, अमरतरू, कल्पतरू (4)
12. आदर देना, आज्ञा पालन करना (3)
14. तिरस्कृत, अनाहत, अपमानित (3)
15. कोलकाता से 150 किमी दक्षिण पूर्व सुंदरवन में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ (5)
18. खिदमत, टहल, परिचर्या (2)
20. विद्युतपात, वज्राघात (2)
21. धैर्यहीन, अधीर, बेकरार (3)
23. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति का परस्पर यह कहलाते है (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. इसे मालवी में कांदा कहते है (2)
2. रेल लाईन (4)
3. शर्म, हया, लज्जा (2)
4. नरमुंडों की माला महनने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
5. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
6. झंकृत होना, झंकार होना (4)
9. वृक्ष, पेड़, झाड़ (2)
10. इंदौर के संगीतज्ञ मनोहर पटवर्धन द्वारा विकसित वाद्य यंत्र (4)
11. टौंस नामक नदी, ऋक्ष पर्वत से निकल गंगा नदी में मिलने वाली नदी (3)
13. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर बंधा पुल (4)
14. धन संपत्ति, स्वर्ण (2)
16. भोजन में सलाद के रूप में उपयोग में आने वाले शिखाकंद, पिंडमूल (3)
17. निर्धन, कंगाल, दरिद्र (3)
19. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. किसी वस्तु को पाने का अल्प निश्चय (2)

### वर्ग पहेली 5435 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | | बे | रू | त |
| ल | ल | का | र | ना | | म | न |
| ज्ञा | ना | | स | म | क्ष | | ख्वा |
| री | | | | व | | | ह |
| ला | ला | अ | म | र | ना | थ | |
| ल | ल | क | ना | | म | ल | य |
| नं | | ब | ना | व | | च | |
| दा | य | र | | न | जी | र | |

# हादसे पर हादसे.. आखिर कब जागेगा रेलवे, इस साल अब तक चार बड़ी रेल दुर्घटना, डरा रहे आंकड़े

(अनुभव शाक्य)

यूपी के गोंडा में गुरुवार दोपहर चंडीगढ़ से असम जा रही डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। गोरखपुर रेल खंड के मोतीगंज बॉर्डर पर हुए इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई , जबकि 20 ज्यादा पैसेंजर घायल हो गए। यह इस साल की तीसरी चौथी रेल दुर्घटना है। 17 जून को भी पश्चिम बंगाल के सियालदह जाने वाली दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस की चार बोगी मालगाड़ी की टक्कर के बाद पटरी से उतर गई थी। कंचनजंघा हादसे में 9 लोगों की मौत हुई थी और 40 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे। रंगापानी स्टेशन के पास हुई दो ट्रेनों की टक्कर में जांच के बाद पता चला कि सिग्नल में खराबी और मेमो में गड़बड़ी के कारण एक्सिडेंट हुआ था। इससे पहले 17 फरवरी 2024 को दिल्ली के सराय रोहिल्ला रेलवे के पास एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। 2 जून 2024 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं थी। इस टक्कर में दो ट्रेन ड्राइवर घायल हो गए थे।

**पिछले साल बालासोर हादसे में गई थी 293 लोगों की जान-** करीब एक साल पहले 2 जून 2023 को ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा भयानक था, जिसमें 296 लोग मारे गए थे और 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 29 अक्टूबर 2023 को दो पैसेंजर ट्रेनें टकरा गई थीं। 29 अक्टूबर 2023 को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मारी थी। दो पैसेंजर ट्रेनों की टक्कर में 14 यात्रियों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा यात्री घायल हो गए थे। पुलिस व रेलवे द्वारा बचाव अभियान जारी है। घायलों को बाहर निकाला जा चुका है। इस दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु हुई है। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके अलावा अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इन डिब्बों की अच्छे से जांच कर ली गई है, अब यहां कोई नहीं फंसा है। प्रशासन की पूरी टीम, आरटीओ, जिलाधिकारी यहां मौजूद हैं। यहां से 3-4 बस में लोगों को सुरक्षित भेजा गया है, अन्य बसों के माध्यम से भी लोगों को स्टेशन या सुरक्षित स्थान तक भेजा जा रहा है।

**पिछले दो सालों में ये रेल हादसे भी हुए-** इसके अलावा 26 अगस्त 2023 को लखनऊ से रामेश्वरम जा रही ट्रेन में तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास आग लग गई थी। इस हादसे में 10 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। रेलवे ने बताया कि आग गैस सिलेंडर की वजह से लगी। वहीं 11 अक्टूबर को बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर स्टेशन के पास दिल्ली से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हुई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 13 जनवरी 2022 को बिकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में पटरी से उतर गए थे।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आशातीत सफलता प्राप्?त होगी। समाज में आपका सम्?मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। आज आपकी किसी प्रतियोग?िता में जीत होने से हर्ष होगा। किसी कारण से आपका पेट बिगड़ सकता है। शाम से लेकर रात तक का समय आनंद में बीतेगा।

### वृषभ

आज सम्मान में वृद्धि का दिन है और आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दोपहर तक किसी कार्य में शुभ समाचार मिलने से हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई दोस्त या फिर रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। रात में किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने से आप खुश रहेंगे।

### मिथुन

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा और आपको किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति मिलने से आपकी अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम के वक्त किसी प्रकार का निवेश न करें आपको नुकसान हो सकता है। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

### कर्क

आज भाग्य साथ देगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से हर्ष होगा। कहीं से बड़ी मात्रा में आपको रुका धन मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### सिंह

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैंइससे साथी आपसे जलन महसूस करेंगे। उनका आपके प्रति व्यवहार बदल सकता है। लेकिन आपके अच्छे व्यवहार से फिर से सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

### कन्या

आज हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके लिए भाग्यशाली योग बन रहे हैं और आपके कार्य सफल होंगे। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन खर्च करने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दूसरे लोगों के लिए आप काफी सिरदर्द बने रहेंगे। आपके परिवार में सब कुछ सामान्य रहेगा।

### तुला

आज भाग्य साथ देगा और आपको शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको लाभ होगा। आपका बात करने का तरीका आपको विशेष लाभ दिलवाएगा। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ सकता है। सावधान रहें।

### वृश्चिक

आज दिन शुभ है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपको लाभ होगा। धन सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए काफी सोचकर अपने विचार रखें।

### धनु

आज करियर के मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और लोग जो आपके नीचे काम करते हैं उनसे आपका तनाव हो सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, वरना धन फंस सकता है। आपको किसी मामले में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी।

### मकर

आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा। आपको मनचाहा काम करने को मिलेगा तो आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय में परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

### कुंभ

आज दिन काफी भागदौड़ वाला रहेगा और किसी कारण से अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो उससे पहले उसकी अच्छे से जांच करवा लें। सभी वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त स्थिति में सुधार होगा और आपको हर काम में किस्मत का साथ मिलेगा।

### मीन

आज वक्त आनंद में बीतेगा। आपको पास और दूर की सकारणीय यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनस में बढ़ती प्रॅग्रिस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों का बोझ कम होगा और आपको हर प्रकार के तनाव से मुक्ति मिलेगी। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिमला जाने वाले टूरिस्टों के लिए खुशखबरी, अब सालभर ले सकेंगे आइस स्केटिंग का लुत्फ



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में अत्याधुनिक तरीके से आइस स्केटिंग रिंक कम रोलर स्केटिंग रिंक बनाया जायेगा। इसके बाद सैलानी और स्थानीय लोग पूरा साल भर स्केटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके लिए टेंडर भी आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए 42 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने गुरुवार को आइस स्केटिंग क्लब के पदाधिकारियों के साथ यहाँ आयोजित विशेष बैठक में कहा कि इस कार्य के लिये टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह आल वेदर रिंक अत्याधुनिक तकनीक से बनकर तैयार होगा और इसमें बेहतर सुविधायें मुहैया करवाई जायेंगी। उन्होंने क्लब के सदस्यों से आह्वान किया कि रिंक में आइस हॉकी के अलावा अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आइस स्केटिंग रिंक पर्यटन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि क्लब के साथ आसपास पौधारोपण भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एशियाई विकास बैंक के माध्यम से 42 करोड़ रुपये की लागत से बनाने वाले प्रस्तावित रिंक और भवन निर्माण के लिये हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग ने टेंडर आंमत्रित कर दिये हैं। आठ अगस्त को टेंडर भरने की अंतिम तिथि है। इसके बाद टेंडर खोले जायेंगे और कार्य आरंभ होगा। कार्य को दो हिस्सों में बांटा गया है, जिसमें एक सिविल कार्य दूसरा तकनीकी कार्य है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में सालभर सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। इस दौरान लोग आइस स्केटिंग का लुत्फ भी उठाते हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें ठंड के मौसम का इंतजार करना पड़ता है। हिमाचल प्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद अब टूरिस्ट्स को आइस स्केटिंग के लिए सालभर नहीं इंतजार करना पड़ेगा। अब साल के सभी सीजन में आइस स्केटिंग का आनंद लिया जा सकेगा। इसके अलावा शिमला के आसपास के टूरिस्ट स्पॉट्स पर भू घूमने आनंद लिया जा सकेगा।

### भजनलाल सरकार ने खारिज की अलग भील प्रदेश की मांग, सदन में उठा मुद्दा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने अलग भील प्रदेश की मांग को खारिज कर दिया है। बीएपी पार्टी 4 राज्यों के 49 जिलों को मिलाकर अलग भील प्रदेश की मांग कर रही है। इसके लिए मानगढ़ धाम में आदिवासी एकत्रित हुए थे।



जनजातीय क्षेत्रीय मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर अलग से प्रदेश बनाना ठीक नहीं। अलग से भील प्रदेश की मांग पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि विकास के लिए छोटा राज्य कारगर होते है। लेकिन जाति आधार पर अलग राज्यों की मांग करना सही नहीं है। ऐसा हुआ तो अलग-अलग जाति-समाज के लोग राज्यों की मांग करने लगेंगे, जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने लगेगा। हमारी सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा जैसी प्राथमिक सुविधाओं पर हमेशा फोकस किया है। राजस्थान विधानसभा में बीएपी विधायक थावरचंद ने सदन में अलग प्रदेश की मांग उठाई। भील प्रदेश की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है. मानगढ़ धाम में गुरुवार को भील प्रदेश की मांग को लेकर आदिवासियों की एक बड़ी रैली हुई। राजस्थान विधानसभा में भील प्रदेश की गूंज सनाई दी। भारत आदिवासी पार्टी के विधायक थावरचंद सदन में भील प्रदेश लिखी हुई टी-शर्ट पहन कर पहुंचे। जनजाति क्षेत्रीय विकास की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक थावरचंद ने कहा कि आज मानगढ़ धाम में ऐतिहासिक सम्मेलन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीलों की भाषा और संस्कृति एक है, लेकिन हमको मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के अलग-अलग भागों में बांटा गया है।

### सेब के बागानों पर लगी अल्टरनेरिया बीमारी को महामारी घोषित करने की मांग

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने गुरुवार को राज्य सरकार से सेब के बागानों पर लगी अल्टरनेरिया बीमारी को महामारी घोषित करने की मांग की और इस बीमारी की रोकथाम के लिए केंद्र से भी सहयोग करने का आग्रह किया है। प्रदेश की पांच हजार करोड़ की सेब आर्थिकी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। सेब के बगीचे अल्टरनेरिया नामक बीमारी की चपेट में आ गए हैं जिसका सीधा असर सेब के आकार और रंग पर हो रहा है। सेब के पत्ते समय से पहले ही झड़ रहे हैं जिस वजह से प्रदेश के बागवान खासे चिंतित हैं। शिमला में पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस विधायक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राठौर ने सेब पर फैली इस बीमारी को महामारी घोषित करने की मांग की है और केंद्र सरकार से भी बीमारी की रोकथाम के लिए सहयोग की बात कही है। राठौर ने कहा कि अल्टरनेरिया बीमारी प्रदेश के कई इलाकों में महामारी का रूप धारण कर चुकी है। ऐसे में प्रदेश सरकार केंद्र सरकार से बातचीत कर इसकी रोकथाम के लिए कदम उठाए।

# हमले के बाद हिंदुओं को घर छोड़ भागना पड़ा, झारखंड में कश्मीर जैसे हालातः सांसद निशिकांत दुबे

**पाकुड़, एजेंसी।** झारखंड के पाकुड़ में एक लड़की का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी की पिटाई के बाद जमकर हिंसा हुई। पथराव और तोड़फोड़ की गई। यहां तक कि पुलिस को भी निशाना बनाया गया। पथराव में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि हिंदुओं के घरों को इस कदर निशाना बनाया गया कि उन्हें जान बचाकर पलायन करना पड़ा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि झारखंड के संथाल परगना में हालात कश्मीर जैसे हो गए हैं।

हिंसा के बाद गांव का वीडियो साझा करते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, झारखंड में कांग्रेस के शासन में यह पाकुड़ का तारानगर इलामी गांव वीरान हो गया। दोष क्या, एक नाबालिग लड़की का वीडियो बनाकर मुस्लिम लड़का ब्लैकमेल कर रहा था। विरोध करने पर पूरे हिंदू को ही गांव छोड़ने के लिए पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशी घुसपैठिया आ गए। झारखंड पुलिस अब पश्चिम बंगाल के लोगों के हाथों असहाय। संथालपरगना कश्मीर घाटी बनने की राह पर, जहां हिंदू विस्थापित हुए अपने ही देश में।

बाबू लाल मरांडी ने इस घटना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा, जब रोम जल रहा था, तब नीरो बंसी बजा रहा था। आज के संदर्भ में ये बात हेमंत सोरेन पर भी



सटीक लागू होती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि झारखंड का संथाल परगना क्षेत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के आतंक की आग में झुलस रहा है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रमण में व्यस्त हैं। घुसपैठियों के आतंक से संथाल परगना के आदिवासी मूलवासी अब अपने घरों से ही पलायन करने को विवश हो चुके हैं। मरांडी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम तुष्टिकरण में हिंदुओं पर हमले के बाद कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा, झारखंड के हालात 90 के दशक की कश्मीर और वर्तमान बंगाल-केरल के जैसे बदतर बनते जा रहे हैं, जहां राज्य सरकारें मुस्लिम तुष्टिकरण की आड़ में हिन्दुओं के उपर हो रहे हमले को देखकर आंखे मूंद ले रही है।

उन्होंने कहा कि पाकुड़ के तारानगर गांव में मुस्लिम युवक द्वारा युवती को ब्लैकमेल किए जाने का विरोध करने पर बांग्लादेशी घुसपैठयों ने हिन्दुओं के घरों पर हमले कर दिए। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुप्पी बताती है कि उनकी सरकार का मौन समर्थन इन घुसपैठियों को प्राप्त है। मरांडी ने कहा, हेमंत जी, याद रखिए झारखंड को तालिबान नहीं बनने दिया जाएगा... आपकी सरकार कुछ महीनों की मेहमान है। फिर इन घुसपैठियों और उनके सरपरस्तों को भी प्रदेश से बाहर खदेड़ा जाएगा।

**क्या है घटना :** पाकुड़ के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तारानगर गांव में लड़की का फोटो/वीडियो वायरल करने के आरोपी युवक से मारपीट के बाद दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। झड़प की सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी एक पक्ष के लोगों ने जमकर पथराव किया। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं पुलिस की दो गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। ग्रामीणों के अनुसार, नवादा गांव में एक मुस्लिम समुदाय के लड़के ने हिंदू लड़की की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद लड़की के परिजनों ने आरोपी लड़के के साथ बुधवार को मारपीट की थी। लड़के को बचाने गई उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई। इस बात पर गुरुवार की सुबह सांप्रदायिक हिंसा हो गई। पाकुड के डीसी मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के बाद गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है। धारा 144 लागू कर दी गई है।

## बुलंदशहर में नकली दूध कारोबार का भंडाफोड़, दिल्ली-एनसीआर में होता सप्लाई, टैंकर पकड़ा



**बुलंदशहर, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यूपी के बुलंदशहर में नकली दूध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। टीम ने टैंकर में भरे 14 सौ लीटर नकली दूध का नमूना लेकर नष्ट कराया। टैंकर चालक की निशानदेही पर स्याना क्षेत्र के गांव बरौली बासुदेवपुर स्थित डेयरी पर छापा मारा। जांच में सामने आया कि यहां से गजरौला और सिकंदराबाद और दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई के लिए दूध भेजा जाता है। टीम ने बताया कि नकली दूध बनाने के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विनीत कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि सिकंदराबाद स्थित एक डेयरी पर नकली दूध का टैंकर पहुंच रहा है। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच के लिए टैंकर को रोक लिया। टैंकर में लगभग 1400 लीटर दूध भरा हुआ था। जिसका नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। नकली दूध की पुष्टि होने के बाद उसे नष्ट कर दिया गया। टैंकर चालक ने पूछताछ में बताया कि वह स्याना क्षेत्र के गांव बरौली बासुदेवपुर स्थित डेयरी से लेकर आया है। दूध को ग्लूकोज, रिफाइंड तेल आदि चीजों से तैयार किया है। टीम ने दूध को नष्ट करने के बाद स्याना क्षेत्र में बरौली बासुदेवपुर स्थित डेयरी पर जांच की। उसके बाद खानपुर के ग्राम शेखपुर गढ़वा स्थित डेयरी पर छापा मारा गया। जांच में सामने आया कि यहां से गजरौला और सिकंदराबाद के लिए दूध भेजा जाता है। टीम ने डेयरी से 15 किलो व्हे पाउडर, डेढ़ सौ लीटर लिक्विड ग्लूकोज, रिफाइंड समेत अन्य नकली दूध बनाने में काम आने वाली सामग्री को जब्त कर लिया गया।

## माओवाद के खात्मे तक जारी रहेगी लड़ाई- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में दो सुरक्षाकर्मियों के शहीद होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि माओवाद के सफाए तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं बस्तर पुलिस ने बताया कि गुरुवार को बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए जबकि चार अन्य घायल हो गए।

साय ने एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवानों के शहीद होने और 4 जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।

पुलिस ने कहा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के बीच बॉर्डर एरिया में दरभा डिवीजन, पश्चिम बस्तर डिवीजन और सैन्य कंपनी नंबर 2 में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने पर, उक्त जिलों से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ की टीमें 16 जुलाई 2024 को एक ज्वाइंट ऑपरेशन पर निकली थीं।

# कांवड़ रूट पर नाम विवाद के बीच बीजेपी नेता नकवी का छलका दर्द, कहा- जनम जात मत पूछिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस ने दुकानदारों के नामों को बड़े अक्षर में लिखने के लिए कहा है। मुजफ्फरनगर के साथ-साथ शामली और सहारनपुर जिलों में भी पुलिस ने ऐसा ही आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद विवाद बढ़ गया है। अब खुद बीजेपी के वरिष्ठ मुस्लिम नेता ने अपनी ही सरकार के अधिकारियों को घेरा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आस्था का सम्मान होना चाहिए, लेकिन अस्पृश्यता का संरक्षण नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने पंक्तियां लिखते हुए कहा, जनम जात मत पूछिए। नकवी ने भले ही अपने पोस्ट में कहीं भी कांवड़ यात्रा या दुकानदारों के नामों को लिखे जाने के आदेश का जिक्र नहीं किया है, लेकिन पोस्ट से साफ है कि दुकानदारों के नामों पर उपजे विवाद पर ही उनका दर्द छलका है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कुछ अति-उत्साही अधिकारियों के आदेश हड़बड़ी में गडबड़ी वाली, अस्पृश्यता की बीमारी को बढ़ावा दे सकते हैं। आस्था का सम्मान होना ही चाहिए, पर अस्पृश्यता का संरक्षण नहीं होना चाहिए। जनम जात मत पूछिए, का जात अरु पात। रैदास पूत सब प्रभु के,कोए नहिं जात कुजात। वहीं, पुलिस-प्रशासन के इस कदम का समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा चीफ मायावती समेत कई विपक्षी नेताओं खुलकर विरोध जताया है। अखिलेश



यादव ने आदेश को लेकर एक अखबार में प्रकाशित खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर कहा, ...और जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा? उन्होंने कहा, माननीय न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और ऐसे प्रशासन के पीछे के शासन तक की मंशा की जांच करवाकर उचित दंडात्मक कार्रवाई करे। ऐसे आदेश सामाजिक अपराध हैं, जो सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर कहा,पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जनहित में सरकार इसे तुरंत वापस ले। ओवैसी ने कहा- यूपी सरकार अस्पृश्यता को बढ़ावा दे रही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए जारी किए गए परामर्श को लेकर बीजेपी नीत उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में लिखित आदेश जारी करने की चुनौती दी।

# कांग्रेस का मिशन दक्षिण बना आईएनडीआईए की राह में रोड़ा, राज्यसभा में दिखेगा असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के मिशन दक्षिण से आईएनडीआईए नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए गठबंधन) की अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश सफल नहीं हो रही है। राज्यसभा में गैर राजग दलों ने आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर अपने रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई है। ऐसे में राज्यसभा में भाजपा की सीटों की संख्या में कमी के बावजूद आईएनडीआईए गठबंधन संख्या बल के आधार पर सदन में सरकार को नहीं घेर पाएगा। कई सांसदों के लोकसभा के लिए चुने जाने और नामांकित सांसदों के रिटायर होने की वजह से राज्यसभा में भाजपा की संख्या घटकर 86 रह गई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की कुल संख्या 101 है। वहीं, कांग्रेस के 26, तृणमूल कांग्रेस के 13, डीएमके और आप पार्टी के दस-दस सांसदो के साथ आईएनडीआईए गठबंधन के पास 87 सांसद है। ऐसे में गैर राजग दलों की भूमिका अहम हो जाती है। आईएनडीआईए गठबंधन की नजर बीजू जनता दल



(बीजेडी), वाईएसआर कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 25 सांसदों पर है। यह तीनों दल राज्यसभा में सरकार के खिलाफ खड़े होते हैं, तो सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन तेलंगाना में कांग्रेस सरकार में है और बीआरएस मुख्य विपक्षी दल है। ऐसे में बीआरएस किसी भी कीमत पर कांग्रेस के साथ खड़ी नजर नहीं आना चाहती। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी के खिलाफ भी कांग्रेस काफी आक्रामक है। कांग्रेस ने शर्मिला रेड्डी को प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है। शर्मिला, जगन की बहन हैं। ऐसे में रेड्डी परिवार और दोनो पार्टियों के बीच रिश्ते बेहतर नहीं हैं। यही वजह है कि बीआरएस व वाईएसआर कांग्रेस दोनों कांग्रेस के साथ खड़ा नही होना चाहते। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राज्यसभा में बीजेडी ने अपनी भूमिका बदली है, पर बीआरएस और वाईएसआर कांग्रेस की रणनीति में कोई बदलाव नहीं आया हैं। 18वी लोकसभा के पहले सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के जवाब पर आईएनडीआईए के साथ बीजेडी ने भी वॉक आउट किया था, पर बीआरएस सत्तापक्ष के साथ खड़ी नजर आई थी।

# उद्धव से रार के बीच कांग्रेस से शरद भी नाराज ?

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य की राजनीति कई मोड़ ले रही है। हालिया लोकसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन को लेकर जहां सत्तारूढ़ महायुति के अंदरखाने सहयोगी दलों के बीच खींचतान और उप मुख्यमंत्री अजित पवार को लेकर संशय जारी है, वहीं अजित पवार की एनसीपी और शिंदे गुट के शिवसेना के कई विधायकों के पलटी मारने की अटकलें रह-रहकर जोर पकड़ रही हैं।

उधर, विपक्षी महाविकास अघाड़ी में भी सबकुछ पटरी पर नहीं है। एनसीपी संस्थापक शरद यादव ने लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार सहयोगी कांग्रेस से अपनी नाराजगी जाहिर की है। बुधवार को पुणे में उन्होंने मीडिया से खुलकर बात की और हालिया एमएलसी चुनावों में कांग्रेस के सात विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर क्षोभ और निराशा जतायी। इस चुनाव में उनके समर्थित उम्मीदवार जयंत पाटिल की हार हो गई थी। वरिष्ठ नेता पवार ने कहा कि कांग्रेस की गलत रणनीति की वजह से उनके समर्थित उम्मीदवार को कम वोट मिले। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद थी कि कांग्रेस के कुछ विधायकों के वोट शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार मिलिंद नार्वेकर के पक्ष में जाएंगे और कुछ वोट जयंत पाटिल के पक्ष में जाएंगे लेकिन वो महायुति के पक्ष में चले गए। शरद पवार ने ऐसे समय में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा है, जब राज्य में महाविकास अघाड़ी के बीच विधानसभा चुनावों के लिए सीटों का बंटवारा होना है। एनसीपी के अंदर इस बात की चर्चा है कि शरद पवार अब राज्य विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे की बातचीत से पहले राज्य कांग्रेस नेतृत्व को रक्षात्मक मुद्रा में लाने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, पवार नहीं चाहते कि सीट बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व उनसे बात करे। सीनियर पवार चाहते हैं कि इस मुद्दे पर सीधे राहुल गांधी या कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से बात हो। राज्य कांग्रेस के नेताओं से बातचीत में शरद पवार बेहद असहज हैं, क्योंकि वह कांग्रेस के उन नेताओं को अपना जूनियर मानते हैं और अतीत में उनके साथ मतभेद रहे हैं। दूसरी तरफ, शरद पवार की यह टिप्पणी कांग्रेस को यह संदेश देने के लिए भी है कि उसके अंदरखाने सब चीजें व्यवस्थित नहीं हैं, इसलिए राहुल गांधी इसमें दखल दें और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दें। बता दें कि महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने 288 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए 150 सीटों पर दावा ठोंका है, जबकि एमवीए के दूसरे घटक दल उद्धव ठाकरे की शिवसेना 125 सीटों पर दावा कर रही है। शरद पवार इस स्थिति में राहुल गांधी को बीच में लाकर समय से पहले सीट बंटवारे की डील पक्का करना चाहते हैं। राज्य में अक्टूबर में विधान सभा चुनाव हो सकते हैं।

# असम सरकार मुस्लिम विवाह कानून निरस्त करने को लाएगी बिल, कैबिनेट ने दी विधेयक को मंजूरी

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम एवं नियम 1935 को निरस्त करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी है, जो विशिष्ट परिस्थितियों में कम उम्र में विवाह की अनुमति देता था। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। निरसन विधेयक 2024 को विधानसभा के आगामी मानसून सत्र के दौरान पेश किए जाने की संभावना है। इस साल की शुरुआत में, मंत्रिमंडल ने अधिनियम को समाप्त करने की मंजूरी दे दी थी और बृहस्पतिवार की बैठक में इस निर्णय को लागू करने के लिए आवश्यक निरसन विधेयक को अधिकृत किया गया। शर्मा ने मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करके अपनी बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।''उन्होंने कहा, ''आज असम मंत्रिमंडल की बैठक में हमने असम निरसन विधेयक 2024 के माध्यम से असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम एवं नियम 1935 को निरस्त करने का निर्णय लिया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे निरस्त करने के निर्णय का उद्देश्य ''विवाह और तलाक के पंजीकरण में



समानता'' लाना है। उन्होंने आगे लिखा, आज असम कैबिनेट की बैठक में हमने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को निरस्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हिमंत सरमा ने इस कदम को बेटियों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया एक एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया और कहा कि यह बाल विवाह के खिलाफ उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि निरसन विधेयक को अगले मानसून सत्र में विधानसभा के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य मंत्रिमंडल को यह भी निर्देश दिया गया है कि असम में मुस्लिम विवाहों के पंजीकरण के लिए एक उपयुक्त कानून लाया जाए, जिस पर विधानसभा के अगले सत्र तक विचार किया जाएगा।'' मंत्रिमंडल ने राज्य में बाल विवाह के सामाजिक खतरे को समाप्त करने के लिए 23 फरवरी को अधिनियम को निरस्त करने के निर्णय को मंजूरी दे दी थी। इस कानून के निरस्त हो जाने से अब कई बदलाव आएंगे। मसलन, बाल विवाह पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसके अलावा विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगा और काजियों (विवाह और तलाक रजिस्ट्रार) को सेवा से हटा दिया जाएगा। यानी काजी अब ना तो निकाह पढ़वा सकेंगे और ना ही किसी का तलाक करवा सकेंगे। उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। इस अधिनियम की धारा 8 में प्रावधान था कि अगर वर या वधू या दोनों नाबालिग हैं, तो उनके विवाह के पंजीकरण के लिए उनके वैध अभिभावकों द्वारा आवेदन किया जाएगा। यानी इस प्रक्रिया से उनका विवाह वैध था लेकिन इस कानून के समाप्त हो जाने के बाद यह प्रावधान समाप्त हो गया और राज्य में बाल विवाह पर प्रतिबंध लग गया है। यह कदम राज्य मंत्रिमंडल द्वारा ब्रिटिश कालीन असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद्द करने और उस कानून के तहत सभी विवाह और तलाक की कार्यवाही को विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के दायरे में स्थानांतरित करने के निर्णय के कुछ महीने बाद उठाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

पेरिस ओलंपिक : 2024

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम, फीफा ने संभावित प्रतिबंध पर फैसला टाला



**ज्यूरिख, एजेंसी।** दो महीने पहले फलस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। फीफा ने इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फलस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है। दो महीने पहले फलस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है ।

फीफा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आयेगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिये समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

इंग्लैंड वर्सेस वेस्टइंडीज

### वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने पहले दिन ठोक दिए 416 रन




**नॉटिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की। 19 जुलाई (शुक्रवार) को नॉटिंघम के ट्रेंटब्रिज में बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ने 88.3 ओवर में 416 रन ठोक दिए। हालांकि, टीम ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए ओली पोप ने 121 रन बनाए। ओपनर बेन डकेट ने 71 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 69 रन बनाए। हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने 36-36 रन की पारी खेली। क्रिस वोक्स ने 37 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में 416 रन बनाना बहुत बड़ी बात ऐसा काफी कम अवसर पर होता है। हालांकि, इंग्लैंड का स्कोर एक दिन में सबसे ज्यादा रन के मामले में टॉप-10 में भी नहीं आता।

#### अलजारी जोसेफ ने 3 विकेट लिए

वेस्टइंडीज के लिए अलजारी जोसेफ ने 3 विकेट लिए। जायडन सील्स, केविन सिंक्लेयर और केवम हॉज को 2-2 विकेट मिले। शमार जोसेफ को 1 विकेट मिला। शोएब बशीर के तौर पर इंग्लैंड का आखिरी विकेट गिरा। इसके साथ ही पहले दिन का स्टंप्स हो गया। दूसरे दिन वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरेगी।

#### इंग्लैंड ने 64 रन के अंदर गंवा दिए 5 विकेट

इंग्लैंड की टीम ने छठा विकेट 342 रन पर गंवाए। बेन स्टोक्स आउट हुए। इसके बाद विकटे गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। 64 रन के अंदर टीम ऑल आउट ह गई। 342 पर 6 से स्कोर 416 पर 10 हो गया। स्टोक्स के बाद जेमी स्मिथ, गस एटकिंसन , क्रिस वोक्स और शोएब बशीर आउट हो गए। 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से आगे है।




इंग्लैंड वर्सेस श्रीलंका अंडर-19

# एंड्र्यू फ्लिंटॉफ के बेटे ने रचा इतिहास

- रॉकी ने यूथ टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ जड़ा शतक

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के दिग्गज एंड्र्यू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। चेल्टेनहैम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे यूथ मेन्स टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड की जीत की लय बरकरार रखी। अपने पिता और इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू की मौजूदगी में इंग्लैंड अंडर-19 के लिए 16 वर्षीय रॉकी फ्लिंटॉफ शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

रॉकी फ्लिंटॉफ ने 106 रन की शानदार पारी खेलकर यंग लायंस को 477 रन बनाने और पहली पारी में 324 रन की बढ़त दिलाने में मदद की। पिछले महीने ही लंकाशायर के साथ अपना पहला पेशेवर अनुबंध करने वाले जूनियर फ्लिंटॉफ ने 181 गेंदों का सामना किया और नौ चौके और दो छक्के लगाए और जैक कार्नी के साथ छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। श्रीलंका ने पहली पारी के 153 रन बनाए।

#### रॉकी फ्लिंटॉफ ने 178 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया

रॉकी फ्लिंटॉफ ने 178 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। तेजी से रन बनाने की कोशिश में, फ्लिंटॉफ 106 रन बनाकर प्रवीण मनीषा की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर आउट हो गए। तबतक इंग्लैंड की बढ़त पहले ही 300 से अधिक हो चुकी थी।

#### श्रीलंका की टीम ने अपनी दूसरी पारी में बेहतर बल्लेबाजी की

श्रीलंका की टीम ने अपनी दूसरी पारी में बेहतर बल्लेबाजी की, लेकिन 7 विकेट पर 246 रन बनाने के बाद भी उन्हें मैच बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

पेरिस ओलिम्पिकः 2024

# खेलगांव में पहली बार बच्चों के लिए नर्सरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलिम्पिक कई मायनों में खास होने जा रहा है। यह ऐसा पहला ओलिम्पिक होगा जिसमें पूर्णतः लैंगिक-समानता देखने को मिलेगी। इसके अलावा कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी करना और स्टेडियम के बाहर उद्घाटन समारोह करके यह पहले ही चर्चा में है। अब इसमें एक और उपलब्धि जुड़ गई है। प्रबंधन ने पहली बार खेलगांव में मांओं के लिए नर्सरी की शुरूआत की है जिसमें एथलीट कठिन प्रतिस्पर्धा और प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच अपने बच्चों या शिशुओं के साथ आसानी से समय बिता सकेंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रीय ओलिम्पिक और खेल समिति ने खेलों के भीतर पेरेंटिंग की जगह बने रहे, इसलिए स्तनपान कराने वाले एथलीटों के लिए होटल के कमरे उपलब्ध कराने का वादा किया है। इससे उन मांओं को सुविधा होगी जोकि बच्चों के कारण प्रैक्टिस या प्रतिस्पर्धा में संतुलन नहीं बिठा पाती थीं। अमेरिकी ट्रैक और फील्ड एथलीट एलिसन फेलिक्स जोकि 2022 में खेल से संन्यास लेने से पहले 11 ओलिम्पिक पदक जीत चुकी हैं, ने इस आइडिया को आगे बढ़ाया है। अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति के एथलीट आयोग में शामिल फेलिक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि यह वास्तव में महिलाओं को बताता है कि आप मातृत्व चुन सकती हैं और अपने खेल में शीर्ष पर भी रह सकती हैं। ओलिम्पिक और पैरालिम्पिक विलेज में 4 से 8 एथलीट्स के रहने के लिए 2,800 अपार्टमैंट बनाए गए हैं। किसी को प्राइवेट रूम नहीं मिलेगा। एथलीट्स के कमरे हर दूसरे दिन साफ किए जाएंगे। ग्राऊंड फ्लोर पर लॉन्ड्री की सुविधा मिलेगी।



#### भोजनः 3200 सीटों का डाइनिंग हॉल बनाया

साइट डु सिनेमा में विशेष डाइनिंग हॉल बनाया गया है, जिसमें 3,200 सीटें लगी हैं। इसमें एथलीट एक साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। मेनू में एथलीटों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दुनिया भर के पौष्टिक खाने रखे गए हैं। एथलीट्स के परिवार इकट्ठे हो सकें। इसके लिए इले सेंट-डेनिस में 600 सीटों वाला रेस्तरां बनाया जाएगा। विलेज में फूड ट्रक से दर्शक जरूरत के अनुसार फूड ले सकेंगे।

#### फिटनेस सैंटरः 24 घंटे खुला रहेगा

हाले मैक्सवेल में 3,000 वर्ग मीटर का फिटनेस सेंटर 24 घंटे खुला रहेगा। इसमें एथलीट्स को अनुरोध पर कोच की सुविधा भी मिलेगी। कुल 8 फिटनेस सैंटर बनाए गए हैं इनमें से 7 सिटी डु सिनेमा के स्टूडियो के भीतर हैं ताकि एथलीट्स को ज्यादा यात्रा न करनी पड़ी।

#### द विलेज प्लाजाः सुपरमार्केट बनाई

पर्यटकों के लिए विशेष विलेज प्याजा डिजाइन किया गया है। जिसमें सैलून के अलावा सुपरमार्केट से कई सुविधाएं मिलेंगी। एक पारिवारिक क्षेत्र में माता-पिता अपने छोटे बच्चों के साथ समय बिता सकते हैं और साथ ही विभिन्न प्रकार के भोजन और पेय पदार्थों का आनंद लेने के लिए एक कैफे भी है।

पर्यटक अगर फ्रांस में घूमने की इच्छा रखते हैं तो यहां एक सूचना केंद्र पर सारी जानकारी उपलब्ध है।

#### ट्रांसपोर्टः 30 मिनट की दूरी पर स्थल

एथलीट्स का ट्रैवलिंग में समय ज्यादा खराब न हो इसलिए जो गेम जहां खेली जानी है, उसके एथलीट्स को वहीं, पास ही ठहराया जाएगा। करीब 80 फीसदी एथलीट्स ऐसे होंगे जिन्हें अपने कमरे से प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचने के लिए आधा घंटा ही लगेगा। इस काम को स्पैशल ट्रांसपोर्ट संभव बनाएगी।



हर्षित राणा की टीम इंडिया में एंट्री, बोले-

# गौतम गंभीर ने मेरी मानसिकता बदल दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर्षित राणा को जब पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल करने की खबर पता चली जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज मौजूद हैं तो उनके मुंह से यही शब्द निकले, 'दिल्ली में दिल टूट सकता है, पर हमने कभी हौसला नहीं हारा। दिल्ली के 'साउथ एक्सटेंशन के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज हषित ने जूनियर स्तर से ही कड़ी मेहनत की लेकिन अकसर नजरअंदाज कर दिए जाते। पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस आईपीएल सत्र में विजयी अभियान में 19 विकेट लेने से वह राष्टीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। हर्षित ने कहा कि मैं कड़ी मेहनत करने में विश्वास करता हू लेकिन जब भी आयु ग्रुप की टीम में मेरी अनदेखी होती तो मेरा दिल टूट जाता और मैं अपने कमरे में बैठकर रोता था।

मेरे पिता प्रदीप ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि अगर मुझे अभी तक की मेहनत के लिए तीन लोगों का नाम लेना हो तो इसमें मेरे पिता, मेरे निजी कोच अमित भंडारी सर (पूर्व भारतीय और दिल्ली के तेज गेंदबाज) और गौती भैया (गौतम गंभीर) शामिल हैं।

# ना हार्दिक , ना पंत... गिल हैं भविष्य के कप्तान

बीसीसीआई ने टीम इंडिया के सेलेक्शन से दिए बड़े संकेत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका दौरे के लिए जिस टीम का ऐलान हुआ है, उसमें भारतीय क्रिकेट के भविष्य की छवि दिख रही है. टी20 की कप्तानी को लेकर एक और जहां हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव की चर्चा चल रही थी, वहीं ऋषभ पंत भी दावेदार माने जा रहे थे. लेकिन सूर्यकुमार यादव के नाम पर मुहर लग गई. दूसरी तरफ सेलेक्टर्स ने शुभमन गिल को भी बड़ी जिम्मेदारी देकर चौंका दिया. नए कोच गौतम गंभीर की देखरेख में गिल का बड़ा प्रमोशन हुआ है.

शुभमन अब टी20 और वनडे फॉर्मेट में श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया के उपकप्तान हैं. टी20 में वह सूर्यकुमार यादव के डिप्टी होंगे तो वनडे में रोहित शर्मा के बाद टीम में नंबर-2 होंगे. ऐसे में यह माना जा रहा है कि शुभमन गिल भविष्य के कप्तान हैं.

गौतम गंभीर की जिद हुई पूरी...

# विराट कोहली-रोहित शर्मा को श्रीलंका दौरे के लिए टीम में वापसी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने और फिर जिम्बाब्वे को उसी के घर में हराने के बाद अब भारतीय टीम श्रीलंका दौरे के लिए तैयार है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार (18 जुलाई) को ही श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है.

इस दौरे पर भारतीय टीम को 3 मैचों की वनडे और 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है. भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का अपनी जिम्मेदारी संभालने के बाद यह पहला दौरा रहेगा. उन्होंने अपनी शर्तों पर यह कोचिंग का पद संभाला है. ऐसे में गंभीर ने इस श्रीलंका दौरे से ही अपने तीखे तेवर स्पष्ट कर दिए हैं.

दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2024 जिताने के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रेक ल?िया था. . उन्होंने श्रीलंका दौरे से भी ब्रेक के लिए कहा था, लेकिन गंभीर चाहते थे कि जो भी खिलाडी हैं वह तीनों ही फॉर्मेट में खेलें.

#### गंभीर की जिद पर लौटे कोहली-रोहित

गंभीर ने साफ कह दिया था कि उन्हें श्रीलंका दौरे पर सभी सीनियर प्लेयर मौजूद चाहिए खासकर कोहली और रोहित. गंभीर ने इन दोनों से भी श्रीलंका सीरीज में खेलने का आग्रह किया था. ऐसे में भारतीय टीम के ऐलान के साथ ही गंभीर की जिद भी पूरी हो गई.

यानी रोहित और कोहली को वनडे सीरीज में लौटना ही पड़ा. बता दें कि यह दोनों टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं.

हालांकि बुमराह किसी कारण से अब भी ब्रेक पर हैं. दूसरी ओर टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को वनडे सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया है. बतौर स्पिन ऑलराउंडर उनके विकल्प के तौर पर वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल को जगह दी गई है.

### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड

#### भारत की टी20 टीमः

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज.

#### भारत की वनडे टीमः

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा.

# पंजाब एफसी ने आगामी सीज़न के लिए लुका माजसेन को किया फिर से साइन

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीज़न से पहले लुका माजसेन के साथ एक साल का करार फिर से किया है। लुका ने पिछले दो सीज़न पंजाब एफसी के साथ बिताए, इंडियन सुपर लीग के अपने पहले सीज़न में टीम की कप्तानी की, जब पंजाब एफ़सी आई-लीग से आईएसएल में पदोन्नत होने वाला पहले क्लब बना। लुका एक अनुभवी स्ट्राइकर हैं और उनके नेतृत्व में क्लब को पिछले दो सीज़न में प्रभाव डालने में मदद की है। लुका का 2023-24 सीज़न प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने आठ गोल किए और दो बार सहायता की। 2022-23 आई-लीग सीज़न में लुका ने 20 मैचों में 16 गोल किए, जिससे टीम को आईएसएल में पदोन्नति मिली और वह हीरो ऑफ़ द लीग और



गोल्डन बूट पुरस्कार भी जीते। 35 वर्षीय स्लोवेनियाई खिलाड़ी पिछले चार सीज़न से भारतीय फुटबॉल में अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। वह भारतीय फुटबॉल के शीर्ष तीन स्तरों में खेलने वाले केवल तीसरे विदेशी हैं। लुका 2022 में पंजाब एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स, बेंगलुरु यूनाइटेड और गोकुलम केरल के लिए खेल चुके हैं। लुका ने अपने करियर की शुरुआत लुब्लियाना स्थित स्लोवेनियाई टीम इंटरब्लॉक के साथ की थी। भारत आने से पहले वह अन्य स्लोवेनियाई क्लबों जैसे रूडर वेलेंजे, कोपर, ट्रिग्लव क्रांज, गोरसिया और क्रका के लिए भी खेल चुके हैं। लुका एक स्लोवेनियाई इंटरनेशनल यूथ हैं जो अंडर-18, 19, 20 और 21 श्रेणियों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अनुबंध के बारे में बोलते हुए, पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, लुका एक बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं और उन्हें क्लब और भारतीय फुटबॉल की बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने हमारे लिए पिछले दो सीज़न में उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है और हमें लगा कि वह इस सीज़न में भी तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं। वह पिछले सीज़न में टीम के कप्तान थे और उनका नेतृत्व करने का कौशल मैदान के अंदर और बाहर मूल्यवान साबित होगा।

# अभिलेख सुधार तथा ई-केवाईसी के सभी प्रकरण 29 जुलाई तक निराकृत करें

## पीठासीन अधिकारी राजस्व प्रकरणों में आर्डर शीट सोच-समझकर लिखें : कलेक्टर

**रीवा**। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने हुजूर तथा गुढ़ तहसील के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक पटवारी हल्के में सप्ताह में तीन दिन शिविर लगाकर बी-1 का वाचन करके फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें। नक्शा तरमीम तथा अभिलेख में सुधार के सभी प्रकरण शिविर में मौके पर सुनवाई कर निराकृत करें। किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी तथा आधार सीडिंग के सभी लंबित प्रकरण 29 जुलाई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। स्वामित्व योजना में जिन गांवों में ड्रोन सर्वे हो चुका है वहाँ के नक्शों की शत-प्रतिशत ग्राउण्ड ट्रुथिंग करके 10 अगस्त तक प्रकरण निराकृत कराकर पात्र हितग्राहियों के भू अधिकार पत्र तैयार करें। इनका वितरण 15 अगस्त तक सुनिश्चित करें।



कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए सभी पीठासीन अधिकारी अपने अधिकारिता का ध्यान रखें। सभी पीठासीन अधिकारी, राजस्व प्रकरण की सुनवाई के बाद ऑर्डर शीट सोच-समझकर लिखें। इनमें किसी भी तरह की गलती होने पर पीठासीन अधिकारी पर ही कार्यवाही होगी। अभिलेख सुधार और नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। राजस्व महाअभियान में इनका शत-प्रतिशत निराकरण करें। अविवादित नामांतरण के प्रकरण लोक सेवा गारंटी में तय की गई तीस दिन की समय सीमा में निराकृत करें। इसमें यदि कोई तहसीलदार 30 दिन से अधिक अवधि की पेशी की तिथि देता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पीठासीन अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल में सभी राजस्व प्रकरण दर्ज कर उनका समय सीमा में निराकरण करें। यदि कोई प्रकरण बिना कारण के रीडर की लॉगिन में लंबित पाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व प्रकरणों में समय पर प्रतिवेदन न मिलने से भी कई प्रकरण लंबित हैं। सभी तहसीलदार पटवारियों से सात दिवस में प्रतिवेदन दर्ज कराना सुनिश्चित करें। पटवारी अपनी आईडी से ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कर दें। कुछ तहसीलों में निरीक्षण के दौरान कई ऐसे प्रकरण पाए गए हैं जिनमें न तो दिनांक का उल्लेख है और न ही उनमें पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, ऐसी स्थिति सहन नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान में जिलों के साथ-साथ सभी तहसीलों की भी रैंकिंग होगी। जिन तहसीलों की रैंकिंग खराब होगी वे कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सिटीजन चार्टर और लोकसेवा गारंटी अधिनियम की समय सीमा का पालन करते हुए राजस्व प्रकरण निराकृत करें। एसडीएम पुराने पटवारियों के साथ नए पटवारियों की ड्यूटी लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। कलेक्टर ने सीमांकन, अविवादित बंटवारा, नक्शा तरमीम, अभिलेखों में सुधार तथा पीएम किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी दर्ज होने की पटवारी हल्कावार समीक्षा की। कलेक्टर ने शासकीय जमीन में अतिक्रमण के संबंध में कार्यवाही न करने तथा भूमि आवंटन के संबंध में समय पर रिपोर्ट न देने पर सिलपरी हल्का के पटवारी को निलंबित करने तथा विभागीय जाँच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपरान्ह में आयोजित बैठक में सिरमौर एवं सेमरिया तहसील के अधिकारियों व पटवारियों की उपस्थिति में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में 21 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी दी।

## पटवारी छूटे हुए किसानों की ईकेवाईसी तत्काल करें : कलेक्टर

**रीवा**। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को अब हर वर्ष 12 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। किसानों को राशि प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते में आधार संख्या दर्ज कराना तथा बैंक खाते को डीबीटी कराना आवश्यक है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी पटवारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पटवारी छूटे हुए किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ देने के लिए उनकी आधार संबंधी जानकारी प्राप्त कर तत्काल ई केवाईसी करें। सभी पटवारियों को ऐसे किसानों की सूची प्रदान की गई है। किसान पटवारियों को आधार संख्या की जानकारी प्रदान करके ई केवाईसी में सहयोग करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के माध्यम से किसानों के खाते डीबीटी कराएं। जिससे किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त हो सके।

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा उत्सव के होंगे कार्यक्रम

**रीवा**। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के बाद प्रार्थना स्थल में शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के विषय में बताया जायेगा। प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 21 जुलाई को विद्यालयों में वीणा वादिनी माँ सरस्वती वंदना, गुरू वंदना, दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण के उपरांत गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विद्यालयों में आयोजित किये जाने वाले गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में 21 जुलाई को यथासंभव साधु संतो, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पूर्व छात्रों एवं आमजनों को भी आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**रीवा**। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले के सभी जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर ने मत्स्योद्योग निगम की 1972 की धारा (2) के तहत उक्त अवधि को क्लोज सीजन घोषित करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है उनके लिये उक्त नियम लागू नहीं होंगे।

## आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश पर होगी तीन दिवसीय कान्फ्रेंस

रीवा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 23 से 25 जुलाई तक कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कान्फ्रेंस में आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश विषय पर विचार मंथन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि कान्फ्रेंस के प्रथम दिन 23 जुलाई को जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा 24 जुलाई को जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को कान्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया है। अंतिम दिन 25 जुलाई को जिला पंचायत के सदस्य कान्फ्रेंस में शामिल होंगे। डॉ. सोनवणे ने जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सभी सदस्यगण निर्धारित तिथियों के अनुसार कान्फ्रेंस में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# प्यार के बीच आया बेटा तो मां ने ही गला दबाकर कर दी हत्या, गिरफ्तार

**रीवा**। प्यार को पाने के लिए एक कलयुगी मां ने अपने बेटे को ही मौत की नींद सुला दी। बस बेटे की गलती इतना थी कि वह अपने घर मां के प्रेमी को आने से रोकना था। इससे नाराज मां ने अपने 12 वर्षीय बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। यह खुलासा हत्या की विवेचना में जुटी पुलिस ने किया है। पुलिस ने गत 16 जुलाई को हुई 12 वर्षीय किशोर की गला दबा कर हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है।

पुलिस ने हत्या के इस मामले में किसी और को नहीं बल्कि मृतक किशोर की मां को ही मुख्य आरोपी बनाया है जबकि सहअभियुक्त मां के प्रेमी को बनाया है। पुलिस ने हत्या के मामले में रीना गुप्ता पत्नी रामबाबू गुप्ता उम्र 38 वर्ष गिरफ्तार किया है वहीं उसके प्रेमी को सह अभियुक्त बनाया है। प्रेमी की पहचान मुन्ना मुसलमान उम्र 45 वर्ष निवासी सेमरिया के रूप में की गई है।

जिले के पनवार थाना के नष्टिगवा में 16 जुलाई को एक मकान में 12 वर्षीय किशोर का शव पुलिस के हाथ लगा था। इस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की थी। पीएम रिपोर्ट में इस बार की पुष्टि हो गई थी कि किशोर की मौत दम घुटने से हुई है। इसके बाद परिजनों के बयान के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की गई थी। जब युवक की मां सहित उसके परिवार की कुंडली खंगाली गई तो कहानी कुछ और निकल कर सामने आई। इसके बाद युवक की मां को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मिली जानकारी बताया गया है कि युवक की मां रीना गुप्ता तथा उसके प्रेमी मुन्ना मुस्लिम के बीच तकरीबन 5 वर्षों से प्रेमसंबंध चल रहा था। युवक को इन सब बातों का पता चल गया था। वह अपने घर मुन्ना मुसलमान के आने का विरोध किया करता था। इसको लेकर कई बार मां और बेटे में विवादित स्थिति भी निर्मित हुई थी।

घटना दिनांक को भी मां अपने प्रेमी से बात कर रही थी उसी भी उसका बेटा मौके पर पहुंच गया उसने न केवल मन को भला बुरा कहा बल्कि प्रेमी के साथ गाली गलौज की थी। इससे नाराज मां ने रात के समय अपने सोते हुए बेटे का गला दबाकर उसी की हत्या कर दी। इस घटना को छिपाने के लिए रीना गुप्ता ने बेटे का शव पड़ोस में चल रहे निर्माण कार्य के अंदर ले जाकर रख दिया। पुलिस जहां आसपास के लोगों से उक्त हत्या के मामले में बातचीत कर रही थी। वहीं रीना गुप्ता का व्यवहार पुलिस को कुछ असहज सा लग रहा था। पुलिस ने मां के चरित्र का पता लगाने की कोशिश की। रीना गुप्ता के मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली गई। इसके बाद स्थितियां साफ हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि रीना गुप्ता मुन्ना मुसलमान से प्यार करती थी। उसकी जान- पहचान बस में यात्रा करते समय हुई थी । जिस बस में महिला अक्सर यात्रा करती थी मुन-?ना उसी बस में कंडक्टर था। प्रेमी से उसकी रोज मुलाकात होती रहे इसलिए उसने सतना जिले के मझगवां में अपना मकान बेचकर पनवार थाना नष्टिगवा में घर बनवा लिया था। उसका बेटा मुन्ना मुस्लिम का लगातार विरोध कर रहा था। इसके कारण मुन्ना उसके घर नहीं आ सकता था। प्यार में पागल हो चुकी रीना गुप्ता ने प्यार के लिए अपने बेटे को रास्ते से हटाना ही उपयुक्त समझा। उसने प्रेमी के लिए अपने बेटे का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### इनका कहना है

आदित्य गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता उम्र 12 वर्ष की हत्या की गुत्थी सुलझा ली गई है । उसकी मां ने ही गला दबा कर उसकी हत्या की थी मां सहित उसके प्रेमी को आरोपी बनाया गया है जिनकी गिरफ्तारी की जा चुकी है ।

**विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा**

## रीवा में तेज गति से जा रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त, सिलपरा ओवरब्रिज से नीचे गिरी, दो युवकों की मौत



**रीवा**। एमपी में रीवा के सिलपरा ओवरब्रिज के नीचे दो शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक बाइक भी पड़ी मिली। आशंका जताई जा रही है कि देर रात दोनों दुर्घटनाग्रस्त होकर ब्रिज से नीचे गिर गए होंगे। दोनों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। बुधवार की देर रात सिलपरा ओवरब्रिज पर तेज गति के कारण हादसा हो गया। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक पुल से बाइक समेत नीचे गिरे ऊंचाई से गिरने के कारण युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार की सुबह लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों की पहचान करने में जुटी है। खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## न्यायालय ने सुनाई अदालत उठने तक की सजा

**रीवा**। न्यायालय श्रीमान् न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रीवा समक्ष चेतना झारिया ने दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 604/2013 शालिकराम श्रीवास्तव विरुद्ध शुभाष श्रीवास्तव एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 6.7.2024 को अभियुक्तगण शुभाष श्रीवास्तव तनय वृजविहारी श्रीवास्तव उम्र 42 वर्ष, वृजविहारी श्रीवास्तव तनय स्व.नर्वदा प्रसाद श्रीवास्तव दोनो निवासी तरहटी चित्रगुप्ता मंदिर के पीछे रीवा, थाना सिटी कोतबाली तह.हुजूर जिला रीवा, अम्बुज श्रीवास्तव तनय स्व.केशव प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम खौर थाना सिटी कोतवाली रीवा को धारा 341/34 भा.द.वि.के अधीन दण्डनीय अपराध में न्यायालय उठने तक की अवधि के साधारण कारावास से एवं 500-500 रुपये प्रत्येक व्यक्ति को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने के व्यतिक्रम में अभियुक्तगण को पृथक से 15-15 दिवस का साधारण कारावास भुगताया जावे। पारिवादी शालिकराम श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता वी.के.तिवारी ने प्रकरण की पैरवी की।

## अन्तर्जातीय विवाह योजना अन्तर्गत आर्थिक राशि स्वीकृत

**रीवा**। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा एक दम्पति को अन्तर्जातीय विवाह करने पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गयी है। जिला समिति के अनुमोदन पर दम्पति को 2 लाख रूपये की राशि योजनान्तर्गत मंजूर की गयी है।

## नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

रीवा

जिले में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले में हायर सेकेण्डरी, कालेज स्तर पर एवं जन सामान्य को नशीली दवाओं व नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृखला में 20 जुलाई को ग्राम सभाओं में नशामुक्ति की शपथ दिलाने, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करने के साथ ही 23 जुलाई को वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार 25 जुलाई को योग एवं ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन तथा 29 जुलाई को पुलिस विभाग द्वारा नशामुक्ति के पैम्पलेट्स का वितरण किया जायेगा।

## बसों के फिटनेस एवं परमिट की, की गई जांच, नियम विरुद्ध संचालित बसों पर की गई कार्यवाही

**रीवा**। परिवहन विभाग ने यात्रियों के सरल एवं सुगम परिवहन के लिए बसों पर किराया सूची को लेकर जाँच अभियान चलाया, जिसमें 36 यात्री बसों पर जांच के दौरान किराया सूची चस्पा नहीं पायी गई। इन बसों पर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चालानी कार्यवाही की इसके अलावा रीवा जलि में सिरमौर, प्रयागराज मार्ग के साथ ही रीवा मऊगंज मार्ग पर जाकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने 134 बसों में किराया सूची चस्पा की साथ ही बसों में यात्रियों से शासन से निर्धारित किराया 1.25/- रुपये ही लिये जाय, इस बात की विशेष जाच की गई ।कार्यवाही आर टी ओ रीवा के निर्देशन पर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा की गई। इसके अलावा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित सीट पर उन्हें 50त्न की छूट प्रदाय की जाय ।बसों पर फिटनेस से संबंधित मानको को लेकर भी चालानी कार्यवाही की गई, जिसमें आपातकालीन द्वार,वाइपर, इंडिकेटर, नंबर प्लेट अग्निशमन यंत्र आदि की विशेष जाँच कर चालानी कार्यवाही की गई।

## इंदिरा नगर बगीचे के पास वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित

**रीवा**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज रीवा के इंदिरानगर बगीचे के पास वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। फॉरेस्ट विभाग के सहयोग से लगातार यह वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस वृक्षारोपण अभियान के मुख्य अतिथि रीवा जिले के वन मंडलाधिकारी श्री अनुपम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी क्षेत्रीय संचालिका रीवा ने किया। अपने मुख्य संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अनुपम शर्मा जी ने कहा कि वृक्ष लगाना सदियों से पवित्र कार्य माना गया है और सभी धरती के मानव को एक *पेड़ मां के नाम* से लगाकर उसके बड़े होने तक बच्चे जैसी पालना करनी चाहिए। जैसे एक मां अपने छोटे से बच्चे को पालना देकर उसे गुणवान योग्य व्यक्ति बना देती है, वैसे ही हमें केवल पेड़ लगाना ही नहीं अपितु उसकी पूरी पालना भी करनी है। और उसे फलदार और छायादार बनने तक पूर्ण संभाल करनी है। इस अवसर पर आदरणीय अनुपम शर्मा जी ने बगीचे के पास पंप हाउस के परिसर में वृक्षारोपण किया।

# बेहतर प्लानिंग और आधुनिक टेक्नोलॉजी से संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है : शुक्ल

## अर्बन मोबिलिटी एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी सेमिनार का शुभारंभ किया

**रीवा**। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बेहतर प्लानिंग और आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से सुनियोजित, संवहनीय विकास होता है साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बन गया है। देश को सुनियोजित रूप से आगे बढ़ने में सभी वर्गों के प्रबुद्ध जनों का योगदान अहम है। हम सब मिलकर भारत को विश्वगुरु बनायेंगे। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भोपाल के होटल ताज में कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (सीईएआई) द्वारा अर्बन मोबिलिटी एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित




सेमिनार का शुभारंभ किया।

उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास के साथ कृषि और औद्योगिक क्रांति से नागरिकों की क्रय क्षमता में वृद्धि हुई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण को केंद्रित रख योजनाबद्ध रूप से विकास किया जा रहा है ताकि आगामी पीढ़ियाँ संरक्षित रहें। उप-मुख्यमंत्री ने सीईएआई द्वारा शहरों के सुनियोजित विकास के संदर्भ में आयोजित सेमिनार की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस सेमिनार से महत्वपूर्ण तथ्य सामने आयेंगे जिनका उपयोग सरकार द्वारा दूरगामी विकास की योजना में किया जायेगा। सेमिनार में सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा, सीईएआई के प्रेसिडेंट श्री आरएस शर्मा सहित सीईएआई के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, शोधकर्ता और छात्र उपस्थित थे। इंफ़रास्ट्रक्चर के दबाव को सीमित करने के लिए तकनीकी का युक्तिपूर्ण उपयोग करना होगा- सांसद श्री शर्मा सांसद श्री शर्मा ने कहा कि जनसंख्या का दबाव और बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में दबाव बढ़ता है, इस दबाव को सीमा में रखने के लिए आधुनिक तकनीकी का युक्तिपूर्ण रूप से उपयोग अहम है। इस दिशा में ट्रांसपोर्ट प्लानिंग बहुत महत्वपूर्ण विषय है, उन्होंने कहा कि सेमिनार में प्रबुद्धजनों के मंथन से निकले निष्कर्ष का उपयोग शहरी विकास में किया जायेगा। प्रेसिडेंट सीईएआई श्री आरएस शर्मा ने संगठन की संरचना और कार्यों की विधिवत जानकारी प्रदान की। सीईएआई के वाईस प्रेसिडेंट श्री जेवीएल नारायण ने सेमिनार के विभिन्न विषयों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

## अतिथि शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

**रीवा**। अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई रीवा (वी.एम.एस.संघ से सम्बद्ध) के जिलाध्यक्ष रोहणी द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर रीवा से मिलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा जिसमें मांग की गई है कि महापंचायत की घोषणानुसार विभागीय परीक्षा लेकर कार्य अनुभव का लाभ प्रदान कर 12 माह का कार्य काल एवं 62 वर्ष की आयु तक सेवाकाल (नियमितीकरण) दिये जाने का आदेश अविलंब जारी किया जाय, 2 सितम्बर 2023 भोपाल महापंचायत में म.प्र.शासन द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणानुसार म.प्र.शिक्षक भर्ती में शिक्षक चयन परीक्षा के सभी वर्गों में बोनस अंक प्रदान करते हुए म.प्र.उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान कार्य अनुभव के बोनस अंक प्रदान कर मैरिट लिस्ट जारी की जाय, म.प्र.शिक्षक भर्ती की न्यूनतम अहर्ता प्राप्त अतिथि शिक्षकों को कार्य अनुभव का लाभ देकर सीधे नियमित किया जाय, अतिथि शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य सुरक्षा के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ दिया जाय, दस लाख रुपये तक का बीमा एवं ईपीएफओ की सुविधा प्रदान कर कार्यरत अतिथि शिक्षकों के लिए आकस्मिक अवकाश एवं अर्जित अवकाश की सुविधा प्रदान की जाय, कार्यरत अतिथि शिक्षकों का मानदेय प्रत्येक महीने की निश्चित तिथि तक भुगतान कराया जाय, म.प्र.के स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहे उच्च शिक्षा प्रभार, ट्रांसफर, प्रमोशन तथा शिक्षक भर्ती से बाहर होने वाले अतिथि शिक्षकों को तथा पूर्व समय में अतिथि शिक्षकों की सेवा सेपृथक किए गए अतिथि शिक्षकों को अन्य स्कूलों में कार्य अनुभव का लाभ देकर नियोजित किया जाय, सत्र 2024-25 हेतु अतिथि शिक्षक आमंत्रण के संबंध में विगत सत्र के पूर्व से तैयार पेनल के आवेदनों की जानकारी पोर्टल में नियत समय में दर्ज किया जाय, 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम पाने वाले अतिथि शिक्षकों को न रखने के आदेश दिए गए हैं कार्य अनुभव तथा गत वर्षो के परीक्षा परिणाम के आधार पर नियमों में शिथिलता वर्ती जाय। ज्ञापन देते समय तरुणेन्द्र मिश्र, अभिनव द्विवेदी, संत कुमार सिंह, कृष्णमणि शुक्ला, अनीता मिश्रा, जयारानी नामदेव, गौरव तिवारी, श्रीनिवास द्विवेदी सहित अतिथ शिक्षक उपस्थित रहे।

Government of Madhya Pradesh

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

# A Confluence of Industries at "संस्कार धानी"

MSME

The heart of Incredible India

# INVEST MADHYA PRADESH

## REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE

**20th July, 2024, Jabalpur**

Netaji Subhash Chandra Bose Cultural and Information Centre



Narendra Modi
Prime Minister



Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

## INAUGURATION

by

## Dr. Mohan Yadav

Chief Minister, Madhya Pradesh

Guests of Honour

**Rakesh Singh**
Minister, Public Works Department, Govt. of MP

**Chetanya Kasyap**
Minister, MSME, Govt. of MP

9:00 am Onwards

**3500+** Participants

**5** Sectoral Sessions

**500+** Buyer-Seller Meetings

**Cultural** Programme

### CONCLAVE HIGHLIGHTS

- BUYER & SELLER MEETINGS
- THEMATIC SESSIONS
- ONE-TO-ONE MEETINGS
- EXHIBITIONS

## "Strengthening MSME Fuelling Regional Growth"

**FOREIGN DELEGATES**

Taiwan · Malaysia · UK · Fiji · Costa Rica · Indonesia



Knowledge Partner
EY Building a better working world

**Website : invest.mp.gov.in**

National Partner
CII Confederation of Indian Industry

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

MPIDC(@MPIDC)/Twitter MP Industrial Development Corporation (MPIDC) MPIDC I Facebook MPIDC (@mpidc_gomp) MPIDC - YouTube

D-11035/24

Designed by M.P. Madhyam/2024

Released by the Department of Public Relations, M.P.

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833